website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 82 | पेज: 8 | जयपुर, मंगलवार, 03 मार्च 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

## नौसेना का 2035 तक 200 से अधिक जहाजों का लक्ष्य

- नेवी चीफ ने बताया बड़ा प्लान, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने नेवी की तैयारियों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना का लक्ष्य 2035 तक 200 से अधिक जहाजों वाले नौसैन्य बल के रूप में बदलने है। साथ ही, 2026 में 15 अतिरिक्त जहाजों को शामिल करने की योजना है। उन्होंने चेन्नई बंदरगाह पर आईएनएस अंजदीप को सेवा में शामिल किए जाने के बाद कहा कि नौसेना का दीर्घकालिक लक्ष्य है। इसके तहत, पोत निर्माण में पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल करना और 2047 तक पूरी तरह से आत्मनिर्भर बल के रूप में विकसित होना है। दिनेश त्रिपाठी ने कहा,नौसेना की अभियानगत क्षमता हिंद महासागर क्षेत्र और उससे आगे



तक फैली हुई है, जिसमें नौसैन्य इकाइयां निगरानी, जलदस्यु रोधी और समन्वित गश्त के लिए लगातार तैनात रहती हैं, जो निरंतर पहुंच और विश्वसनीय अभियान क्षमता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा मेक इन इंडिया से ट्रस्ट इन इंडिया तक आगे बढ़ चुकी है। हमने आत्मनिर्भर भारत को न केवल एक रणनीतिक अनिवार्यता के रूप में बल्कि भविष्य की सुरक्षा की दिशा में एक निवेश के रूप में भी अपनाया है। एडमिरल त्रिपाठी ने जारी पोत निर्माण प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान में ऑर्डर वाले सभी 50 जहाजों का निर्माण विभिन्न भारतीय पोत निर्माण केंद्रों में किया जा रहा है। उन्होंने कहा,2035 तक 200 से अधिक जहाजों वाली नौसेना बनने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, हमारा लक्ष्य आत्मनिर्भरता को घटक स्तर तक ले जाना और 2047 तक पूरी तरह से आत्मनिर्भर बल का निर्माण करना है।

## बिहार में चिराग के विधायक ने पेश की अच्छी मिसाल

- जनता को समर्पित किया अपना सरकारी बंगला, यहां रहना-खाना सब फ्री

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की नीतिश सरकार ने विधायकों ने लिए, नए सरकारी आवास बनवाए थे। इन आवासों का आवंटन विधायकों को आवंटन भी कर दिया गया। कुछ विधायक शिफ्ट हो गए तो कुछ शिफ्टिंग की तैयारी में है। इस बीत लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के विधायक प्रकाश चंद्र ने अपने सरकारी आवास को ओबरा विधानसभा क्षेत्र की जनता को समर्पित कर दिया है। ओबरा की जनता के लिए




विधायक का सरकारी आवास एक गेस्ट हाउस की तरह काम करेगा। पटना आने वाले यहां फ्री में स्टे कर सकते हैं। उनके लिए यहां रहने खाने की व्यवस्था पूरी तरह से फ्री है। लोजपा (रामविलास) के विधायक प्रकाश चंद्र ने अपने सरकारी आवास पर बाकायदा एक बोर्ड भी लगा दिया है, जिस पर लिखा है-जनता का आवास, 220 ओबरा विधानसभा क्षेत्र। हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्र। बोर्ड के एक ओर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की तस्वीर लगी हुई है तो दूसरी ओर विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र की। मिली जानकारी के मुताबिक, इस आवास का जल्द उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भी शामिल होंगे। बताया जाता है कि ये आवास जनता के लिए 24 घंटे खुला रहेगा। यहां रहना खाना सब कुछ फ्री में मिलेगा। खासकर परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी या किसी परेशानी के चलते पटना आने वाला कोई व्यक्ति, जिसका पटना में कोई ठिकाना नहीं है। ऐसे में उन्हें रात रेलवे स्टेशन पर बिताना होगा।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने लखपति बिटिया, होली-दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर और सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड योजना का किया शुभारंभ

नई दिल्ली। द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को दिल्ली सरकार की लखपति बिटिया योजना, होली-दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर योजना, सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड और बेटियों के खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) हस्तांतरण का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया।




**आज महिलाएं हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही**

राष्ट्रपति ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। सैनिक के रूप में वे देश की सीमाओं की रक्षा कर रही हैं, वैज्ञानिक के रूप में प्रयोगशालाओं में शोध कर रही हैं और खेल प्रतिस्पर्धाओं में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का तिरंगा लहरा रही हैं। राजनीति, समाजसेवा, प्रशासन और व्यापार जगत—सभी क्षेत्रों में महिलाएं नई ऊंचाइयां छू रही हैं। इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और डॉ. पंकज कुमार सिंह मौजूद रहे।

**महिलाओं को प्रोत्साहन एवं सहयोग देना, हम सबका कर्तव्य**

राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं को शिक्षित बनाना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें प्रोत्साहन एवं सहयोग देना हम सबका कर्तव्य है। हमें अपनी बेटियों को यह भरोसा दिलाना है कि वे बड़े सपने देख सकती हैं और उन्हें पूरा करने की क्षमता रखती हैं। समाज और सरकार को उनके सपनों को साकार करने में उनके साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली देश की राजधानी है, जहां हर राज्य और क्षेत्र के लोग निवास करते हैं। यदि दिल्ली की महिलाएं सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर होंगी तथा समाज के हर क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करेंगी, तो पूरे देश में सकारात्मक संदेश जाएगा।

**महिला आत्मनिर्भर होती है, समाज आत्मविश्वासी बनता है: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज दिल्ली के इतिहास में नारी शक्ति के नाम एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। यह केवल योजनाओं का शुभारंभ नहीं, बल्कि सम्मान का संकल्प और विश्वास का विस्तार है। उन्होंने कहा कि जब बेटी सशक्त होती है तो परिवार सशक्त होता है, जब महिला आत्मनिर्भर होती है तो समाज आत्मविश्वासी बनता है और जब नारी शक्ति आगे बढ़ती है तो विकसित दिल्ली का मार्ग और स्पष्ट हो जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की नारी शक्ति को अवसर, सुरक्षा और सम्मान मिलेगा। आज का दिन इसी संदेश को मजबूत करता है। उन्होंने बहनों, माताओं और बेटियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे सपने देखें, अपना भविष्य संवारें—सरकार हर कदम पर उनके साथ है।

## मध्य पूर्व तनाव का असर: एयर इंडिया-इंडिगो सहित सैकड़ों अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द



नई दिल्ली। ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते टकराव के चलते मध्य पूर्व में बने तनाव का असर वैश्विक हवाई सेवाओं पर साफ दिखाई दे रहा है। सुरक्षा हालात बिगड़ने के कारण कई देशों ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है, जिससे भारत सहित कई देशों की उड़ानें प्रभावित हुई हैं। रविवार को 11 देशों में एयरस्पेस बंद होने के चलते भारत में करीब 350 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा ने 'एक्स' पर जारी बयान में कहा कि मध्य पूर्व के बदलते राजनीतिक हालात के कारण पश्चिम की ओर जाने वाली उड़ानों के शेड्यूल में बदलाव और रुकावटें आ रही हैं। कई उड़ानें रद्द होने से दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्री फंसे हुए हैं। वहीं, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर भी यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एयर इंडिया ने क्षेत्र की बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए मध्य पूर्व के सभी गंतव्यों के लिए उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दी हैं। एयरलाइन ने स्पष्ट किया कि यात्रियों और क्रू की सुरक्षा सर्वोपरि है। वहीं इंडिगो ने भी मध्य पूर्व के लिए अपनी सभी उड़ानें रात 12 बजे तक रद्द कर दी हैं। 2 और 3 मार्च को इंडिगो की कुल 203 उड़ानें रद्द की गई हैं। मुंबई में 125 और दिल्ली में 100 उड़ानें रद्द हुईं, जबकि अमृतसर से दुबई, दोहा और शारजाह रूट की कई उड़ानें भी प्रभावित रहीं। स्थिति सामान्य होने तक उड़ानों पर असर जारी रहने की आशंका है।

## मिडिल ईस्ट में बढ़ते संघर्ष के बीच पीएम मोदी ने कहा- 'भारत की सोच स्पष्ट, हम विश्व में शांति और स्थिरता के पक्षधर'

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में बढ़ते संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया को फिर से शांति का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि विश्व में चल रहे तनावों को लेकर भारत की सोच स्पष्ट है। हमने शांति और स्थिरता बनाए रखने का आह्वान किया है। जब दो लोकतंत्र साथ खड़े होते हैं तो शांति की आवाज और सशक्त हो जाती है।



**पीएम मोदी ने कहा- पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति हमारे लिए गहरी चिंता का विषय**

नई दिल्ली में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति हमारे लिए गहरी चिंता का विषय है। भारत बातचीत और कूटनीति के माध्यम से सभी विवादों के समाधान का समर्थन करता है। इस क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए हम सभी देशों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे।"

**भारत और कनाडा के बीच हुए समझौतों का किया जिक्र**

भारत और कनाडा के बीच हुए समझौतों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हम डिफेंस इंडस्ट्रीज, मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस और मिलिट्री एक्सचेंज बढ़ाने पर काम करेंगे। इसी उद्देश्य से आज हमने इंडिया-कनाडा डिफेंस डायलॉग की स्थापना करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि हम सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरपंथ दोनों देशों के लिए ही नहीं, पूरी मानवता के लिए साझा और गंभीर चुनौतियां हैं। इनके विरुद्ध हमारा करीबी सहयोग वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने कहा कि हमारी पहली बैठक से ही हमारे संबंधों में एक नई ऊर्जा, परस्पर विश्वास और सकारात्मकता आई है। सहयोग के हर क्षेत्र में बढ़ती गति का श्रेय मैं अपने मित्र प्रधानमंत्री कार्नी को देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा लोकतांत्रिक मूल्यों में अटूट विश्वास रखते हैं। मानवता की भलाई हमारा साझा विजन है। यही विजन हमें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। आज हमने इस विजन को अगले स्तर की साझेदारी में बदलने पर चर्चा की। पीएम मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्नी का भारत में स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। प्रधानमंत्री के रूप में ये उनकी पहली भारत यात्रा है। हम इसे एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर के रूप में देखते हैं। पिछले साल कनाडा में आयोजित जी7 बैठक में उन्होंने मेरा और मेरे प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया था। आज उसी आत्मीयता से उनका स्वागत करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

## खाड़ी देशों में रह रहे बिहार के लोगों के लिए नीतीश सरकार ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

नई दिल्ली। खाड़ी देशों में बढ़ते युद्ध संकट के बीच बिहार सरकार ने वहां काम कर रहे प्रवासी कामगारों की सुरक्षा को लेकर अहम कदम उठाया है। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग ने दिल्ली स्थित बिहार भवन से विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किया है, जिससे वहां के लोगों को सहायता मिल सके। श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद के द्वारा दिल्ली स्थित बिहार भवन से विशेष हेल्पलाइन नंबर 7217788114 जारी किया गया है, ताकि विदेशों में रह रहे प्रवासी बिहारियों और उनके परिवारों को समय पर सहायता मिल सके। हेल्पलाइन जारी करते हुए दीपक आनंद ने कहा, "बिहार सरकार अपने नागरिकों और कामगारों की सुरक्षा के प्रति पूरी



तरह प्रतिबद्ध है।" उन्होंने बताया कि मध्य पूर्व में मौजूदा तनावपूर्ण हालात को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है ताकि संकट की स्थिति में कोई भी प्रवासी बिहारी खुद को अकेला महसूस न करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस हेल्पलाइन के जरिए प्रवासी कामगार किसी भी प्रकार की जानकारी, सहायता या समस्या के समाधान के लिए संपर्क कर सकते हैं। विभाग की टीम 24 घंटे निगरानी रखेगी और जरूरत पड़ने पर त्वरित कार्रवाई कर संबंधित एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया जाएगा। दीपक आनंद ने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि विदेशों में काम कर रहे बिहार के श्रमिकों की सुरक्षा, सम्मान और सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने परिजनों से भी अपील की कि यदि उनके परिवार का कोई सदस्य खाड़ी देशों में कार्यरत है और किसी प्रकार की परेशानी में है, तो वे इस हेल्पलाइन का उपयोग करें। सरकार का मानना है कि संकट की घड़ी में ऐसी पहल न केवल सुरक्षा का भरोसा देती है, बल्कि प्रवासी कामगारों और उनके परिवारों में विश्वास भी मजबूत करती है। बिहार सरकार ने भरोसा दिलाया है कि हर जरूरतमंद प्रवासी तक सहायता पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### हरियाणा के किसानों के लिए बड़ी सौगात:

## 2.23 लाख करोड़ का बजट, 'एग्री डिस्कॉम' से मिलेगी निर्बाध बिजली

चंडीगढ़। नायब सिंह सैनी ने सोमवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 2.23 लाख करोड़ रुपये का ऐतिहासिक बजट पेश किया, जो चालू वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान 2.02 लाख करोड़ रुपये से 10.28 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय का दायित्व भी संभाल रहे मुख्यमंत्री ने विधानसभा में बजट भाषण के दौरान बताया कि विभिन्न वर्गों से मिले करीब 5,000 सुझावों को शामिल करते हुए यह बजट तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र के 217 वादों में से 60 को अब तक पूरा किया जा चुका है। वर्ष 2026-27 के लिए 28,205 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय प्रस्तावित है, जो कुल बजट का 12.6 प्रतिशत है। यह राशि बुनियादी ढांचे और स्थायी परिसंपत्तियों के विकास पर खर्च की जाएगी, जिससे प्रदेश में दीर्घकालिक विकास को गति मिलेगी। किसानों के लिए सबसे बड़ी घोषणा 'हरियाणा एग्री डिस्कॉम' की स्थापना है। यह राज्य की तीसरी बिजली वितरण कंपनी होगी, जो 5,084 कृषि फीडर और 7.12 लाख कृषि उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति करेगी। मुख्यमंत्री के अनुसार, इससे किसानों को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली मिल सकेगी, जिससे सिंचाई और खेती की लागत में राहत मिलेगी। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बजट में अहम प्रावधान किए गए हैं। 'हरियाणा स्वच्छ हवा परियोजना' के लिए विश्व बैंक ने 2,716 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी है। साथ ही 100 करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ 'हरियाणा ग्रीन क्लाइमेट रेजिलिएंस फंड' स्थापित करने का प्रस्ताव है।



इस कोष का उद्देश्य शून्य-उत्सर्जन वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण और जलवायु-अनुकूल कृषि को बढ़ावा देना है। वहीं, बजट को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपिंदर सिंह हुड्डा ने बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि सरकार पुराने वर्षों और 2047 के विज़न का हवाला देती है, लेकिन मौजूदा उपलब्धियों पर स्पष्ट जवाब नहीं देती। मुख्यमंत्री सैनी ने बजट को "जनता का बजट" बताते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान, युवा, महिला और गरीब केंद्रित विज़न को आगे बढ़ाने वाला दस्तावेज है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बजट की घोषणाओं को जमीन पर उतारकर प्रदेश के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया जाएगा।

## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तेल टैंकर पर हमला

- दावा-क्रू टीम में 15 भारतीय भी हैं शामिल

**ओमान (एजेंसी)।** मिडिल ईस्ट में इजरायल-ईरान के बीच जारी जंग से तनाव चरम पर पहुंच गया है। अली खामेनेई की मौत से दुनियाभर के कई देशों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बीच, ओमान ने रविवार को कहा कि स्ट्रेटेजिक होर्मुज स्ट्रेट में एक ऑयल टैंकर पर हमला हुआ, जिसमें



उसमें सवार चार नाविक घायल हो गए। इसमें सवार क्रू के सदस्य भारतीय भी थे। सरकारी ओमान न्यूज एजेंसी ने कहा कि हमला फलाऊ के झंडे वाले स्काईलाइट नाम के जहाज को निशाना बनाकर किया गया। इसमें क्रू के सदस्यों को भारतीय और ईरानी बताया। हालांकि, यह साफ नहीं है कि जहाज पर किसने हमला किया, लेकिन यह तब हुआ जब अधिकारियों ने कहा कि जब से अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला किया है।

## कांग्रेस-डीएमके ने विकास में बाधा डाली, अब ये फिर सत्ता के लिए भूखी

### पुडुचेरी में बोले पीएम मोदी, कई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का किया उद्घाटन



**चेन्नई (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को तमिलनाडु के मदुरै पहुंचे। यहां उन्होंने 4,400 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का भी उद्घाटन किया। साथ ही तमिलनाडु में आठ नए बने अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। चेन्नई बीच चेन्नई एग्मोर चौथी लाइन देश को समर्पित की। इसके बाद एनएच-332ए के मरक्कनम-पुडुचेरी सेक्शन और एनएच-87 के परमकुडी-रामनाथपुरम सेक्शन की फोर-लेनिंग की आधारशिला रखी। पीएम कुंभकोणम, येरकाड और वेल्लोर में तीन नए आकाशवाणी एफएम ट्रांसमीटर का उद्घाटन भी किया। इसके बाद मोदी ने सभा को संबोधित किया। इसके पहले मोदी ने पुडुचेरी में 2,700 करोड़ रुपए से ज्यादा के अलग-अलग डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया।

**हमने 4400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी**

आज का कार्यक्रम तमिलनाडु के विकास सफर में एक गौरवशाली अध्याय का प्रतीक है। हमने 4400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी, उनका उद्घाटन किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। ये परियोजनाएं संपर्क व्यवस्था में बदलाव लाएंगी, अर्थव्यवस्था को गति देंगी, रोजगार सृजित करेंगी और लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाएंगी। पीएम ने कहा कि कांग्रेस और डीएमके ने हमेशा विकास में बाधा ही डाली है। यह दोनों पार्टियां फिर से सत्ता की भूखी हैं। आपको इनसे सतर्क रहना है।

## ईरान-इजराइल जंग से भारत की 50 फीसदी तेल सप्लाई पर संकट

### सोना-चांदी महंगा हो सकता है, होर्मुज रूट बंद हुआ तो 10 फीसदी एक्सपोर्ट भी खतरे में



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान और इजराइल के बीच शुरू हुई जंग का असर भारत के तेल, व्यापार, शेयर बाजार और सोना-चांदी की कीमतों पर दिख सकता है। अगर दोनों देशों के बीच युद्ध और बढ़ता है तो होर्मुज स्ट्रेट बंद हो सकता है। इससे भारत को हर महीने होने वाली तेल सप्लाई का आधा हिस्सा खतरे में पड़ जाएगा। इसके अलावा भारत का नॉन-ऑयल एक्सपोर्ट भी प्रभावित हो सकता है। इसका 10 फीसदी से ज्यादा हिस्सा इस क्षेत्र से सप्लाई होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जंग बढ़ने से कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। तेल महंगा होने से महंगाई बढ़ती है और इसका असर शेयर बाजार पर भी पड़ेगा।

### भारत के लिए बहुत ही अहम है होर्मुज स्ट्रेट

ईरान और ओमान के बीच स्थित होर्मुज स्ट्रेट दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्ग है। भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर कच्चा तेल सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई जैसे देशों से मंगवाता है, जिसका बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से आता है। केप्लर के लीड रिसर्च एनालिस्ट सुमित रितोलिया के मुताबिक, अगर इजराइल ईरान के तेल ठिकानों पर हमला करता है या ईरान इस रास्ते को ब्लॉक करता है, तो सप्लाई चेन पूरी तरह बंद हो जाएगी। इसका असर भारत के साथ-साथ ग्लोबल ऑयल मार्केट पर भी पड़ेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत अपनी जरूरत का करीब 26 लाख बैरल कच्चा तेल (क्रूड ऑयल) रोजाना इसी रास्ते से मंगवाता है।

### भारत के 10 फीसदी नॉन-ऑयल एक्सपोर्ट पर भी संकट

सिर्फ तेल ही नहीं, भारत का व्यापार भी ईरान और इजराइल के युद्ध से संकट में है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के कुल नॉन-ऑयल एक्सपोर्ट का 10 फीसदी से ज्यादा हिस्सा होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते ही जाता है। इसमें बासमती चावल, चाय, मसाले, ताजे फल, सब्जियां और इंजीनियरिंग सामान भी शामिल हैं। पश्चिम एशिया के देशों को होने वाला ज्यादातर एक्सपोर्ट इसी रूट से होता है। रूट बंद होने या माल ढुलाई महंगी होने से भारतीय एक्सपोर्टर्स की लागत बढ़ जाएगी और ग्लोबल मार्केट में भारतीय सामान महंगा हो जाएगा। भारत ने हाल ही में उन खाड़ी देशों को करीब 47.6 बिलियन डॉलर का नॉन-ऑयल सामान एक्सपोर्ट किया है, जिनका व्यापार स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से जुड़े समुद्री रास्तों पर निर्भर है। यह भारत के टोटल 360.2 बिलियन डॉलर के नॉन-ऑयल एक्सपोर्ट का करीब 13.2 फीसदी हिस्सा है। ये आंकड़े बताते हैं कि अगर इन रास्तों से होने वाली सप्लाई में कोई रुकावट आती है, तो भारत के व्यापार पर कितना बड़ा असर पड़ सकता है।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

## AI के लिए पीएम मोदी का 'MANAV' मंत्र

नई तकनीक अपने साथ उत्साह लाती है और आशंकाएं भी। इतिहास में मानवता ने जितने भी बड़े बदलाव देखे, वे इन्हीं मिली-जुली भावनाओं के साथ अपनाए गए। AI के साथ भी ऐसा ही है, लेकिन इस बार भावनाएं ज्यादा तीव्र हैं। वजह कि बदलाव की रफ्तार बेहद तेज है और असर व्यापक। ऐसे में इंडिया AI इम्पैक्ट समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस विजन और जिम्मेदारी की बात कही है, उसकी पूरी दुनिया को जरूरत है। इसी से तय होगा कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस आगे चलकर क्या रंग लाता है।

मानवतावादी दृष्टिकोण । पीएम मोदी ने AI के लिए 'MANAV' मंत्र दिया है। यह वो मानवतावादी दृष्टिकोण है, जो पारदर्शिता, लोकतांत्रिक व्यवस्था और साझा विकास की बात करता है। जब कुछ देश तकनीक और संसाधनों पर कब्जा चाहते हैं, तब भारत का संदेश है कि एकाधिकार टूटना चाहिए। कुछ देश प्रॉड्यूसर और बाकी केवल यूजर बनकर नहीं रह सकते। गूगल के CEO सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयर ब्रैड स्मिथ ने भी तकनीक के जरिये इसी समानता की बात कही है।

पारदर्शिता और भरोसा । AI से उम्मीद है कि वह विकसित और विकासशील देशों के बीच की खाई को पाटने में मदद कर सकता है। ऐसा भरोसा कभी इंटरनेट ने भी जगाया था, पर विभिन्न देशों के विभिन्न नियम-कायदों ने उसे कई खांचों में बांट दिया। लेकिन, AI की क्षमता इससे आगे की है। इसकी बढ़त का फायदा सभी को मिल सकता है, बशर्ते पारदर्शिता हो। समिट में भारत ने अपनी सोच रखी कि कोड ओपन हों और शेयर किए जाएं, तभी
उन्हें ज्यादा सुरक्षित बनाया जा सकता है।

नियमों की जरूरत । वैश्विक साझेदारी इसलिए भी जरूरी है ताकि AI के गलत इस्तेमाल को रोका जा सके। डीपफेक और फर्जी ऑडियो-विडियो-फोटो कानून-व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती हैं और इनका सामना कमोबेश सारे देश कर रहे। इसी वजह से भारत ने पिछले दिनों डिजिटल नियमों को ज्यादा सख्त किया है। पीएम मोदी ने ग्लोबल स्टैंडर्ड की बात कही है, जो वक्त की जरूरत है।

क्षमता का प्रदर्शन । इस समिट के जरिये भारत ने दिखाया है कि उसके पास AI के लिए बेहतरीन इकोसिस्टम बनाने की क्षमता है। UPI इसका उदाहरण है, जिसकी तारीफ इस आयोजन में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने की।

# दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ना सफलता की राह में आपकी कैसे मदद कर सकता है

हम सभी जानते हैं कि गाड़ी चलाते समय ध्यान भटकना कितना आसान होता है। अगर आप ध्यान भटकाने वाली कई चीजों में से किसी एक के बहकावे में आ जाएं, तो आप आसानी से गलत मोड़ ले सकते हैं, किसी गड्ढे में गिर सकते हैं या दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। मुझे अक्सर लगता है कि बहुत से लोग न केवल सड़कों पर, बल्कि आम जीवन में भी विचलित रहते हैं। कुछ लोग बिना किसी उद्देश्य के इधर-उधर भटकते रहते हैं (या शायद गोल-गोल गाड़ी चलाते रहते हैं)। वहीं, कुछ लोग अपने गंतव्य और वहां पहुंचने के तरीके पर पूरी तरह से केंद्रित रहते हैं।

यह जानना बहुत ज़रूरी है कि आप किस दिशा में जा रहे हैं और आपका अंतिम लक्ष्य क्या है। आपकी गति और वाहन का प्रकार मायने नहीं रखता – बस याद रखें कि आप कहाँ जा रहे हैं। जब तक आपको यह पता नहीं कि आप कहाँ जा रहे हैं, आपका उद्देश्य क्या है? सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुँचने के लिए, हानिकारक विकर्षणों को नज़रअंदाज़ करते हुए स्पष्ट दिशा पर ध्यान केंद्रित करने का सचेत निर्णय लेना महत्वपूर्ण है। सचेत रहना, चाहे हम रोड ट्रिप पर हों या किसी लक्ष्य की प्राप्ति कर रहे हों, अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने का एक प्रभावी तरीका है।

ध्यान भटकाने वाली चीजों से बचें

हमारे आस-पास हर समय कई तरह की चीज़ें हमारा ध्यान भटकाती रहती हैं। ध्यान रखें, ये चीज़ें हमेशा नकारात्मक ही नहीं होतीं। अगर समय और जगह सही हो, तो ये वास्तव में ध्यान भटकाने वाली नहीं होतीं। लेकिन अगर किसी दूसरे काम पर ध्यान केंद्रित करने का समय हो, तो ध्यान भटकाने वाली कोई भी चीज़ नुकसानदायक हो सकती है। अगर हम सचेत रहें, तो हम अपने जीवन में क्या और कब आने देते हैं, इस पर अपना नियंत्रण बनाए रख सकते हैं।

"जानबूझकर बिताए गए दिन एक उद्देश्यपूर्ण जीवन का निर्माण करते हैं।" एड्रिएन एन्स

जीवन में अक्सर हम बिना सोचे-समझे आगे बढ़ जाते हैं। हम अपने लिए सबसे महत्वपूर्ण चीजों को भूल जाते हैं या दूसरों की अपेक्षाओं को पूरा करने की कोशिश में भटक जाते हैं, बजाय इसके कि हम उन चीजों का पीछा करें जो हमें उद्देश्य और अर्थ प्रदान करती हैं।

सचेत रहने का अर्थ है सोच-समझकर ऐसे निर्णय लेना जो हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बातों को दर्शाते हों। सचेत रहने से हमें सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने, लक्ष्यों को प्राप्त करने, अधिक स्पष्टता का अनुभव करने और वर्तमान में अधिक तल्लीन रहने में मदद मिलती है। इससे हमारा ध्यान और प्रतिबद्धता भी बढ़ती है और हमारे जीवन में अधिक उद्देश्य और अर्थ आता है। असफलता से डरने के बजाय, सचेत रहने वाले व्यक्ति अपनी गलतियों से सीखते हैं और अपनी परिस्थितियों का सर्वोत्तम उपयोग करते रहते हैं।

थोड़ी देर के लिए पढ़ना बंद करें और खुद से पूछें कि आपको किस चीज़ से प्रेरणा मिलती है। हर सुबह बिस्तर से उठने के लिए आपको क्या प्रेरित करता है? इसका संबंध आपके लक्ष्यों (जैसे कॉलेज से स्नातक होना), आपकी प्राथमिकताओं (जैसे दूसरों की मदद करना, परिवार का भरण-पोषण करना या कार्यस्थल पर नेतृत्वकर्ताओं का सम्मान प्राप्त करना) या भविष्य के सपनों से भी हो सकता है।

इन सवालों के जवाब देने के बाद, तय करें कि क्या आपका वर्तमान जीवन जीने का तरीका उस उद्देश्य के अनुरूप है। अगर कोई एक दिन के लिए आपका पीछा करे और आपके हर काम और बात पर ध्यान दे, तो आपके जीवन में सबसे महत्वपूर्ण चीज़ क्या होगी? क्या आपके कार्य आपके उद्देश्य और गहरे मूल्यों से मेल खाते हैं? यदि नहीं, तो आप क्या बदलाव कर सकते हैं ताकि आप अपने लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज़ों के साथ अधिक तालमेल बिठा सकें? इस समय मुझे जो सबसे बड़ा उद्देश्य मिलता है, वह है माँ होना। यह भूमिका मेरे जीवन में सर्वोपरि है, हालाँकि एक छात्रा होने से भी मुझे उद्देश्य मिलता है (हालांकि एक अलग तरीके से)। एक माँ के रूप में अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य करने के लिए, मैंने यह सचेत रहना सीख लिया है कि जब मेरे परिवार को मेरी आवश्यकता हो या वे मेरा ध्यान चाहते हों, तो मैं स्क्रीन का कितना उपयोग करती हूँ। हालाँकि वे समझते हैं कि स्कूल के साथ मेरी जिम्मेदारियाँ हैं, मैं अपने अनावश्यक स्क्रीन समय को सीमित करने का प्रयास करती हूँ और अपने बच्चों के साथ प्रतिदिन पढ़ने और खेलने के लिए समय निकालती हूँ, क्योंकि उनके बचपन में उनके साथ समय बिताना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

"अगर आपको विकास करना है, तो आपको सुनियोजित होना पड़ेगा।" कर्ट कैम्पमेयर

आप अपने जीवन के स्वामी हैं—आप अपने जीवन को पूरी तरह नियंत्रित करते हैं। आपके जीवन की परिस्थितियों पर आपकी प्रतिक्रिया तय करने का अधिकार किसी और को नहीं है। अपने जीवन को अपने नियंत्रण में रखने और उसमें उद्देश्य खोजने के लिए यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं।

अपने समय की योजना प्रतिदिन बनाएं

"सोच-समझकर काम करो, सोच-समझकर खेलो, सोच-समझकर आराम करो। न तो खुद को और न ही किसी और को अपना समय बर्बाद करने दो।" - इजे विक्टोरिया ओडियासे

क्या आपने कभी खुद को एक ही ढर्रे पर फंसा हुआ महसूस किया है? मुझे तो ऐसा महसूस हुआ है! मैं तो सबसे पहले तब फंस जाता हूँ जब मैं अपने जीवन का उद्देश्य और अर्थ भूल जाता हूँ। कभी-कभी, मैं तब और भी मुश्किल में पड़ जाता हूँ जब मैं बहुत ज़्यादा तनाव में होता हूँ और अपने लिए पर्याप्त समय नहीं निकाल पाता।

मैंने सीखा है कि किसी भी कार्य को सोच-समझकर करने से बहुत फर्क पड़ता है। बिना सोचे-समझे निर्णय लिए दिन बीतने देने के बजाय, अपने दिन की योजना बनाने का प्रयास करें। अपने उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अच्छी आदतें और दिनचर्या स्थापित करना भी आपको ऊर्जा प्रदान कर सकता है और आपकी एकाग्रता और उत्पादकता को बढ़ा सकता है।

अपने दिन की योजना बनाने से आपको सबसे महत्वपूर्ण चीजों पर ध्यान केंद्रित करने और अत्यधिक बोझ लेने से बचने में मदद मिलती है। एक ज़िम्मेदार व्यक्ति होने के नाते, यदि कोई चीज़ आपके लक्ष्यों, उद्देश्यों या मूल्यों के अनुरूप नहीं है, तो आप उसे अस्वीकार करने का विकल्प चुन सकते हैं। सीमाएं निर्धारित करना और ज़रूरत पड़ने पर अस्वीकार करना बेहद फायदेमंद हो सकता है। चारों ओर से आने वाली मांगों से अभिभूत होना आसान है, इसलिए अपने लिए आराम करने और अपनी पसंद की चीज़ों को करने के लिए समय निकालना न भूलें।

लक्ष्य बनाना

"आप धीरे-धीरे आगे बढ़ सकते हैं। अपने सपनों और लक्ष्यों को बदलने की अनुमति दें, लेकिन एक उद्देश्यपूर्ण जीवन जिएं।" कुमैल नानजियानी

लक्ष्य निर्धारित करना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह वास्तव में बहुत सरल हो सकता है। लक्ष्य किसी व्यक्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण चीजों का प्रतिबिंब होते हैं। लक्ष्य निर्धारित करने से हमें दिशा मिलती है और प्रेरित रहने में मदद मिलती है।

लक्ष्य बनाते समय, यह सुनिश्चित करें कि वे न केवल प्राप्त करने योग्य हों, बल्कि स्पष्ट और विशिष्ट भी हों (लेकिन बहुत अधिक प्रतिबंधात्मक या सीमित न हों)। यह समझना भी महत्वपूर्ण है कि कोई विशेष लक्ष्य आपके लिए व्यक्तिगत रूप से क्यों महत्वपूर्ण है। अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग अपना लक्ष्य लिखते हैं, वे उन लोगों की तुलना में 3 गुना अधिक सफल होते हैं जो नहीं लिखते (कोलमैन और कोलमैन, 2015)। अपना लक्ष्य लिखते समय, मैं आपको यह भी लिखने के लिए प्रोत्साहित करूंगा कि यह आपके लिए क्यों महत्वपूर्ण है। ऐसा करने से समर्पण और प्रतिबद्धता बढ़ती है और आपको अपने लक्ष्य को सक्रिय रूप से प्राप्त करने में निरंतरता बनाए रखने में मदद मिलती है। दूसरे शब्दों में, यह याद रखना कि कोई लक्ष्य आपके लिए क्यों महत्वपूर्ण है, उसे अधिक सार्थक बनाता है, जिससे उस लक्ष्य को प्राप्त करने की तीव्र इच्छा उत्पन्न होती है।

## शहीदी दिवस


सुनील कुमार महला



## चंद्रशेखर आज़ाद : क्रांति, साहस व आत्मसम्मान की अमर गाथा


महान क्रांतिकारी, अदम्य साहस, अटूट देशभक्ति और आत्मसम्मान के प्रतीक चंद्रशेखर आज़ाद का आज 27 फरवरी को शहीद दिवस है। वर्ष 1931 में इसी दिन उन्होंने इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के चंद्रशेखर आज़ाद पार्क (तत्कालीन अल्फ्रेड पार्क) में अंग्रेजों से घिर जाने पर वीरगति प्राप्त की। इनका जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में हुआ तथा उनका बचपन झाबुआ जिले के भाबरा गांव में बीता, जहां उनके अधिकांश मित्र भील जनजाति के बालक थे। उनके साथ रहते हुए उन्होंने बचपन में ही धनुष-बाण चलाने में दक्षता हासिल कर ली, जो आगे चलकर उनकी अचूक निशानेबाजी का आधार बनी। इनका वास्तविक नाम चंद्रशेखर तिवारी था और 'आज़ाद' नाम उन्होंने स्वयं अदालत में घोषित किया था। दिसंबर 1921 में असहयोग आंदोलन में भाग लेने के कारण जब उन्हें गिरफ्तार किया गया तो मजिस्ट्रेट के सामने उन्होंने अपना नाम 'आज़ाद', पिता का नाम 'स्वतंत्रता' और पता 'जेलखाना' बताया। सजा के रूप में उन्हें 15 कोड़े लगाए गए, जिसके बाद से वे 'आज़ाद' के नाम से प्रसिद्ध हो गए।

उनकी माता जगरानी देवी चाहती थीं कि वे संस्कृत के विद्वान बनें, इसलिए उन्हें पढ़ाई के लिए वाराणसी के काशी विद्यापीठ भेजा गया, किंतु जलियांवाला बाग हत्याकांड ने उनकी सोच बदल दी और वे क्रांतिकारी मार्ग पर चल पड़े। उनकी जुबां पर अक्सर एक शेर रहता था-'दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, आज़ाद ही रहे हैं, आज़ाद ही रहेंगे।' आज़ाद ने शपथ ली थी कि वे कभी अंग्रेजों के हाथ जीवित नहीं पकड़े जाएंगे और उन्होंने अंत तक अपने इस वचन को निभाया भी। वे भेष बदलने की कला में अत्यंत निपुण थे तथा कई बार पुलिस के सामने से निकल गए और उन्हें पता भी नहीं चला। पुलिस से बचने के लिए वे साधु/संन्यासी बनकर भी रहे और बच्चों को पढ़ाया। झांसी के पास ओरछा के जंगलों में उन्होंने 'पंडित हरिशंकर ब्रह्मचारी' नाम से संन्यासी रूप में निवास किया तथा साथियों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी दिया। उनकी फुर्ती और तेज दिमाग के कारण साथी उन्हें 'क्विक सिल्वर' (पारा) कहते थे। वे क्रांतिकारी संगठन के वरिष्ठ नेता थे और युवाओं को प्रशिक्षण देते थे, जिनमें भगत सिंह भी शामिल थे। भगत सिंह उन्हें सम्मान से 'पंडित जी' कहते थे। दोनों की जोड़ी को 'आग और हवा' की तरह माना जाता था, जहां भगत सिंह वैचारिक रूप से गहरे थे, वहीं आज़ाद संगठन संचालन और क्रांतिकारी कार्रवाई में निपुण थे। महात्मा गांधी द्वारा 1922 में असहयोग आंदोलन स्थगित किए जाने के बाद वे हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचआरए) से जुड़े। क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए धन जुटाने हेतु 1925 में काकोरी ट्रेन कार्रवाई की गई। बाद में संगठन का पुनर्गठन कर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) बनाया गया, जिसकी स्थापना 1928 में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला में आज़ाद, भगत सिंह, सुखदेव थापर और जोगेश चंद्र चटर्जी सहित अन्य साथियों ने की। उल्लेखनीय है कि आज़ाद 1929 में लॉर्ड इरविन की ट्रेन पर बम फेंकने की योजना में भी शामिल थे। 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया। उन्होंने अपने साथी सुखदेव राज को सुरक्षित निकल जाने का अवसर दिया और स्वयं लगभग 40 मिनट तक अकेले पुलिस से लोहा लेते रहे। उस समय उनके पास केवल एक छोटी कोल्ट पिस्तौल थी। जब अंतिम गोली बची तो अपनी प्रतिज्ञा निभाते हुए उन्होंने स्वयं को गोली मार ली और वीरगति प्राप्त की। जानकारी मिलती है कि उनकी मृत्यु के बाद भी ब्रिटिश पुलिस उनके पास जाने से डर रही थी। पुष्टि करने के लिए दूर से उनके शरीर पर गोलियां चलाई गईं, तब जाकर वे पास पहुंचे। आज़ाद अत्यंत सादगीपूर्ण जीवन जीते थे। बहुत कम लोग ही जानते होंगे कि कई बार संगठन के लिए धन बचाने हेतु स्वयं भूखे रह जाते थे, लेकिन अपने साथियों की जरूरतें वे पहले पूरी करते थे। उनकी शहादत के बाद काफी समय तक उनकी माता को पूरी जानकारी नहीं दी गई थी, ताकि उन्हें गहरा सदमा न पहुंचे। निष्कर्षतः चंद्रशेखर आज़ाद ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने युवाओं को यह संदेश दिया कि स्वतंत्रता, स्वाभिमान और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि दृढ़ संकल्प, त्याग और साहस से असंभव प्रतीत होने वाले लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख




संकलित

दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

## गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई




संकलित

प्रेरणा

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो.. वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन्, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

## समय से पहले खिले फूल



श्रीनगर के बादामवारी में गुरुवार को एक तितली बादाम के फूलों पर मंडराती हुई, इस साल पेड़ों पर असामान्य रूप से फूल जल्दी खिले हैं, जो मौसम के बदलते पैटर्न का संकेत है।

## आज की पाती

### विधायकों के भत्ते या फिजूलखर्ची

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों को मिलने वाली सुविधाएं हमेशा चर्चा और बहस का विषय रही हैं। वेतन और भत्तों का मूल उद्देश्य यह माना जाता है कि निर्वाचित प्रतिनिधि आर्थिक चिंता से मुक्त होकर जनता की सेवा कर सकें। लेकिन जब इन सुविधाओं का आकार बढ़ता है और उनके उपयोग में पारदर्शिता कम दिखाई देती है, तो स्वाभाविक रूप से सवाल उठते हैं। हाल ही में बिहार विधानसभा द्वारा विधायकों और विधान पार्षदों के लिए मासिक टेलीफोन भत्ता बढ़ाकर 8300 रुपए करने का निर्णय सामने आया है। इस फैसले की सबसे खास बात यह है कि यह राशि बिना किसी बिल या वाउचर के दी जाएगी। यानी खर्च का प्रमाण देना अनिवार्य नहीं होगा। यही कारण है कि यह विषय अचानक सार्वजनिक चर्चा का केंद्र बन गया है। - ललित बंझोर, रायपुर

## ट्रेंड

### मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स



हमारी सरकार ने गोंदिया-जबलपुर, पुनारख-किऊल और गम्हरिया-चांडिल के बीच तीन मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में आर्थिक विकास तेज होने के साथ-साथ रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### आतंकवाद स्वीकार नहीं



भारत और इजरायल पूरी तरह से स्पष्ट हैं कि आतंकवाद का दुनिया में कोई स्थान नहीं है। किसी भी रूप में, किसी भी अभिव्यक्ति में, आतंकवाद को स्वीकार नहीं किया जा सकता।हम कंधे-से-कंधा मिलाकर आतंकवाद और उनके समर्थकों का विरोध करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।
-पियुष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री

### गोवा में मिला अवसर



गोवा ने हमें एक छोटा सा अवसर दिया है, हम पूरी ईमानदारी और क्षमता से काम कर रहे हैं। हमें पूरे राज्य की सेवा करने का मौका दीजिए, और हम शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सड़कें, बिजली और पानी जैसी व्यवस्थाओं में पंजाब की तर्ज पर बदलाव लाएंगे।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### ट्रंप की धमकी



आप सब जानते हैं, रूस हमारा पुराना दोस्त, हमको तेल बेचता था, ईरान हमको तेल बेचता था, हम सस्ते में वहां से लेते थे, लेकिन ट्रंप ने धमकी दी और ये बोले- यस सर। ट्रंप जो कहते हैं उसको- यस सर।
-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

रॉयल पत्रिका

## करंट अफेयर

### ब्रिटेन में हिंदू मंदिर के बंद होने का खतरा

पूर्वी ब्रिटेन के पीटरबरो शहर में एक परिसर में मौजूद 40 साल पुराने हिंदू मंदिर और कम्युनिटी सेंटर के बंद होने का डर है, क्योंकि स्थानीय प्राधिकारियों ने इस भवन को बेचने के फैसले को सही ठहराया है जो मंदिर के लिए किराये पर दिया गया है। भारत हिंदू समाज मंदिर की स्थापना 1986 में शहर के न्यू इंग्लैंड कॉम्प्लेक्स में हुई थी और कैमब्रिजशायर, नॉरफॉक तथा लिंकनशायर के बड़े इलाके के 13,000 से अधिक हिंदू यहां दर्शन करने आते हैं। मंदिर प्रशासन पीटरबरो सिटी काउंसिल से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए अभियान चला रहा है। इस महीने की शुरुआत में काउंसिल कैबिनेट की बैठक में यह कहा गया कि संपत्ति की बिक्री से करदाताओं के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल्य दिलाने की उसकी कानूनी जिम्मेदारी/" है। वहीं, मंदिर ने एक बयान में कहा, हम भारत हिंदू समाज से जुड़े भवन की बिक्री की कड़ी निंदा करते हैं। समुदाय द्वारा बनाई गई संस्था को बंद दरवाजों के पीछे बिना पारदर्शिता या सहमति के नहीं बेचा जाना चाहिए। इसमें कहा गया, ''यह सिर्फ संपत्ति के बारे में नहीं है, बल्कि विरासत, भरोसे और जवाबदेही के बारे में है। समुदाय जवाब पाने का हक रखता है, गोपनीयता का नहीं। इस फैसले पर सवाल उठाए जाने चाहिए और इसका विरोध किया जाना चाहिए।''



## ऑफ बीट

### मानसिक समस्या जितनी गंभीर, सहानुभूति उतनी कम



समाज में चिंता (एंग्जायटी), अवसाद (डिप्रेशन) और एडीएचडी जैसी कुछ मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को पहले की तुलना में अब अधिक स्वीकार्यता मिली है। लोग अब कार्यस्थल, घर और सोशल मीडिया पर इनके बारे में खुलकर बात कर पाते हैं और अक्सर उन्हें सलाह भी मिलती है। यह बदलाव महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे मदद मांगना आसान हुआ है और संस्थानों के लिए मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को आधार बना कर कड़े कदम उठाना कठिन हो गया। लेकिन सार्वजनिक सहानुभूति समान रूप से नहीं मिलती है। कुछ स्थितियां व्यापक रूप से समझी जाती हैं, जबकि अन्य को अब भी संदेह और कठोर निर्णय का सामना करना पड़ता है। जैसे-जैसे लोग कुछ बीमारियों से परिचित होते जाते हैं, वे बीमारियां मानसिक रोग की /"स्वीकार्य/" छवि तय करने लगती हैं। जो लक्षण इस छवि में फिट नहीं बैठते, उन्हें अलग नजर से देखा जाता है। यहां बात 'अस्वीकार्यता' से संबंधित है। शोध से पता चलता है कि अवसाद और चिंता के प्रति सामाजिक नजरिया नर्म है, जबकि शिज़ोफ्रेनिया और व्यक्तित्व विकारों (जैसे बॉर्डरलाइन या नार्सिसिस्टिक पर्सनैलिटी डिसऑर्डर) के प्रति समाज में अधिक दूरी और भय वाली सोच है। नौ अलग-अलग निदानों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि लोगों द्वारा दूरी बनाए रखने की इच्छा शिज़ोफ्रेनिया और पर्सनैलिटी डिसऑर्डर के मामलों में सबसे अधिक थी।

# जैन समाज का राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान - भजनलाल शर्मा

## -जीटो टाउन रिप्रजेन्टेटिव नेशनल कॉन्क्लेव एवं विश्व नवकार महामंत्र दिवस 2.0 कार्यक्रम

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए आध्यात्मिक चेतना महत्वपूर्ण है। इस दिशा में जैन समुदाय की 'ध्यान, तपस्या एवं आत्मचिंतन की परंपरा' ने पूरे विश्व का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और इसमें जैन सहित सभी समाजों की साझेदारी आवश्यक है। शर्मा रविवार को जयपुर में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीटो) टाउन रिप्रजेन्टेटिव नेशनल कॉन्क्लेव एवं विश्व नवकार महामंत्र दिवस 2.0 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'मूल्य आधारित नेतृत्व, सामाजिक एकता एवं आध्यात्मिक चेतना' भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। हमें अपने निर्णयों में ईमानदारी, पारदर्शिता, जनसेवा एवं नैतिकता को प्राथमिकता देनी चाहिए। साथ ही, एक-दूसरे के प्रति संवेदनशील होकर कर्तव्यबोध को सर्वोपरि रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन समाज ने सदियों से भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को आगे बढ़ाया है। अहिंसा, करुणा एवं सत्य के मूल्यों के आधार पर भारतीय सभ्यता के निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर स्वामी की अहिंसा की शिक्षा और प्राचीन काल से चली आ रही ज्ञान परंपरा के माध्यम से जैन दर्शन ने 'जियो और जीने दो' का अमर संदेश दिया है।




शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। वर्ष 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी, जो आज चौथे स्थान पर पहुंच गई है और शीघ्र ही तीसरे स्थान हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि जैन समाज का देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही, सामाजिक क्षेत्र में भी समाज ने अनुकरणीय कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवकार महामंत्र दिवस 2.0 का आज शुभ कार्यक्रम है। नवकार महामंत्र केवल जैन धर्म का मंत्र नहीं है, बल्कि यह समस्त मानवता को अहिंसा, करुणा, ज्ञान एवं आत्मशुद्धि का मार्ग दिखाने वाला सार्वभौमिक संदेश है। उन्होंने नवकार महामंत्र की दिव्य ऊर्जा से विश्व में शांति, सद्भाव एवं कल्याण का मार्ग प्रशस्त होने की मंगलकामना की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने विश्व नवकार महामंत्र दिवस 2.0 के प्रचार-प्रसार के लिए रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में जीटो अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित विभिन्न चैप्टर्स के पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में महिला एवं युवा उद्यमी उपस्थित रहे।

# प्रदेश की सभी आंगनबाड़ियों में मूलभूत सुविधाओं का तेजी से हो विकास - दिया कुमारी



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। उप मुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में तथा प्रमुख शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग भवानी सिंह देथा एवं निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं वासुदेव मालावत की उपस्थिति में रविवार को सचिवालय में समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने समीक्षा बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राजस्थान सरकार द्वारा घोषित बजट घोषणाओं की क्रियान्विति हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सभी पात्र लाभार्थियों को पंजीकृत कर, लाभ दिलाने का प्रयास किए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में राष्ट्रीय स्तर की तालिका में प्रथम तीन राज्यों में रहने के लिए अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया तथा इसी प्रकार अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्रदेश की आंगनबाड़ियों के अनुमत मरम्मत कार्यों को इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण करने के निर्देश दिए और कहा कि प्रदेश की सभी आंगनबाड़ियों में पेयजल, विद्युत कनेक्शन तथा शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं तेजी से विकसित की जाए। उप मुख्यमंत्री ने 19 जनवरी 2026 से 19 फरवरी 2026 तक प्रदेश में चलाए गए प्रेरणा अभियान 2.0 की प्रगति एवं उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर पर 2लाख 47 हजार 114 लाभार्थियों की वृद्धि दर्ज होना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसी प्रकार आभा आईडी एवं अपार आईडी के प्रतिशत में वृद्धि भी अभियान की सफलता को दर्शाती है। उन्होंने इसी क्रम में जिलों में भी एक जिला एक टास्क के तहत कार्य करवाने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जून 2026 तक पोषण ट्रैकर पर पंजीकृत लाभार्थियों में से 75% लाभार्थियों की आभा आईडी दर्ज करने एवं 50% लाभार्थियों की अपार आईडी दर्ज करने के लिए विशेष रणनीति के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में उपनिदेशक प्रशिक्षण बनवारी लाल सिनसिनवार, वित्तीय सलाहकार आईसीडीएस पदम चंद, उपनिदेशक डॉ. धर्मवीर, संयुक्त परियोजना समन्वयक डॉ. मंजू यादव, ओपी सैनी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राजस्थान पुलिस की अभिनव पहल

## -सार्वजनिक परिवहन में अब एक स्कैन पर मिलेगी पुलिस सहायता

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। आगामी 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सुरक्षा को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में राजस्थान पुलिस ने एक महत्वपूर्ण और तकनीक आधारित पहल की शुरुआत की है। पहल के तहत पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की मंशानुरूप प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन साधनों—बस, ऑटो एवं टैक्सी—में 'राजकॉप सिटीजन एप' के क्यूआर कोड युक्त पोस्टर एवं स्टीकर चिपकाने का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य यात्रा के दौरान महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति में उन्हें तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा बसों, ऑटो और टैक्सियों पर क्यूआर कोड वाले पोस्टर व्यवस्थित रूप से लगाए जा रहे हैं।




**एक स्कैन... और सीधे पुलिस से संपर्क—**

सार्वजनिक परिवहन में यात्रा कर रही छात्राएं, कामकाजी महिलाएं अथवा अन्य महिला यात्री अपने स्मार्टफोन से वाहन में प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन कर सीधे 'राजकॉप सिटीजन एप' डाउनलोड कर सकती हैं। इस एप में उपलब्ध 'Need Help' फीचर विशेष रूप से संकट की स्थिति को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। आपातकालीन परिस्थिति में एक क्लिक से महिला की लोकेशन सीधे पुलिस कंट्रोल रूम तक पहुंच जाती है, जिससे त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा सकेगी।

**तकनीक से मजबूत होगा भरोसा—**

राजस्थान पुलिस की यह पहल महिला सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। सार्वजनिक परिवहन में क्यूआर कोड प्रदर्शित होने से छात्राओं एवं कामकाजी महिलाओं में सुरक्षा का भाव और विश्वास बढ़ेगा। यह अभियान तकनीक आधारित सुरक्षा तंत्र को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। महिला दिवस के अवसर पर शुरू की गई यह पहल न केवल जागरूकता बढ़ाएगी, बल्कि महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ यात्रा करने का सशक्त माध्यम भी प्रदान करेगी।

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस प्रयास—**

राजस्थान पुलिस का यह प्रयास दर्शाता है कि महिला सुरक्षा केवल प्राथमिकता ही नहीं, बल्कि सतत मिशन है। समाज में सुरक्षित वातावरण का निर्माण तभी संभव है जब सुरक्षा व्यवस्था आधुनिक तकनीक से लैस होकर आमजन तक सहज रूप से उपलब्ध हो। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुरू की गई यह पहल प्रदेश में महिला सुरक्षा के नए अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है।

# राजस्थान विश्वविद्यालय में हुवा अनोखा होलिका दहन




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। छात्रनेता नीरज खीचड़ द्वारा होलिका दहन के पर्व पर राजस्थान के छात्रों की मुख्य माँग छात्रसंघ चुनाव बहाल को लेकर किया सांकेतिक प्रदर्शन व राजस्थान की सरकार व विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की व छात्रसंघ चुनाव के प्रति नकारात्मक मंशा को त्यागे व सकारात्मक रूप से प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव करवाए।

# राज्यपाल बागडे ने 'अखिल भारतीय पूर्णवाद युवा फोरम' सम्मेलन में भाग लिया

## -भारतीय अध्यात्म परम्परा विश्वभर में श्रेष्ठ—राज्यपाल




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को मध्यप्रदेश के ग्वालियर स्थित जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में अखिल भारतीय पूर्णवाद युवा फोरम और पूर्णकन्या प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित 'युवा सम्मेलन' में भाग लिया। राज्यपाल बागडे ने इस दौरान 'पूर्णवाद विचारधारा' से जुड़े महान दार्शनिक एवं आध्यात्मिक आचार्य डॉ. आर. पी. पारनेरकर तथा डॉ. वी. आर. पारनेरकर को स्मरण करते हुए कहा कि पूर्णवाद जीवन से जुड़ा आलोक है। उन्होंने भारतीय अध्यात्म परम्परा को विश्व की महान देन बताते हुए कहा कि भौतिक जीवन के प्रत्येक पक्ष में पूर्णवाद से ही समग्र संतुष्टि और संतोष भाव को प्राप्त किया जा सकता है। राज्यपाल ने ईशावास्योपनिषद के पूर्णमिदम् शांति पाठ का उल्लेख करते हुए कहा कि सृष्टि अपने आप में पूर्ण है। इसलिए पूर्ण से यदि पूर्ण भी निकाला दिया जाता है तो मूल पूर्णत्व में कोई कमी नहीं आती। उन्होंने भारतीय वैदिक, विज्ञान और खगोल विद्या के उत्कर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि आर्यभट्ट ने शून्य का सटीक मान ही विश्व भर को नहीं दिया बल्कि गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत और पृथ्वी गोल होने का वैज्ञानिक तथ्य बहुत पहले ही विश्वभर को बता दिया था। बागडे ने संतुलित और प्रसन्नचित जीवन के लिए पूर्णता के भाव को सभी स्तरों पर अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को 'व्यष्टि नहीं समष्टि' भाव के साथ 'विकसित भारत' के संकल्प में सहभागिता निभाने पर जोर दिया।

# देश और दुनिया की भलाई के समाधान खोजें स्टार्टअप- मदन राठौड़

## -पिच सैशन के 'ग्रैंड फिनाले' में स्टार्टअप ने दिखाया जोश

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान आज नवाचारों का गढ़ बन रहा है। राजस्थान सीसाइड स्टार्टअप समिट— 2026 के आयोजन ने इस बात को साबित किया है कि राजस्थान सरकार स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहन देने में आगे है और यहां के स्टार्टअप अपने नवाचारों से देश—दुनिया में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। राठौड़ राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के सहयोग से ओपन इनोवेशन लोटस फाउंडेशन और आर्मेनिया सरकार द्वारा होटल ताज आमेर में आयोजित 'राजस्थान सीसाइड स्टार्टअप समिट' के अंतिम दिन पिच सैशन के 'ग्रैंड फिनाले' को संबोधित कर रहे थे। राठौड़ ने कहा कि आज ई—वेस्ट को दुनिया की बड़ी समस्या माना जा रहा है। उन्होंने स्टार्टअप संचालकों का आह्वान किया कि वे ई—वेस्ट की समस्या को दूर करने के नवाचारी समाधान खोजें और उन पर काम करें। वे ऐसे काम करें, जिनसे देश और दुनिया का भला हो सके। राठौड़ ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर चर्चा करते हुए कहा कि आज के दौर में इसके लाभ भी हैं और नुकसान भी। उन्होंने कहा कि विकास के लिए एआई का सदुपयोग करना जरूरी है, लेकिन इसके दुष्प्रभावों को रोकने के कदम उठाए जाने चाहिए।



**पिच सैशन और फेस—ऑफ:-**

जयगढ़ बॉलरूम में आयोजित पिच सैशन के 'ग्रैंड फिनाले' में चयनित स्टार्टअप्स ने ज्यूरी के समक्ष अपना दमखम दिखाया। इनमें ट्रेवल और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में काम कर रहे 'ट्रेवस्टेक', गौ—काष्ठ रिसाइक्लिंग करने वाले 'अर्थ', मशीनी बुद्धिमता से जुड़े 'कैपेक्सिया डायनामिक्स', जल प्रबंधन से जुड़े 'गतिशील', पारिवारिक पूंजी निवेश से जुड़े 'वैल्थएक्स', एक्टीविटीज और एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने वाले 'औडोरा' तथा मनोवैज्ञानिक एआई प्लेटफॉर्म 'द बेसिक साइको' शामिल थे। प्रत्येक स्टार्टअप को अपनी बात रखने के लिए तीन मिनट का समय दिया गया, जबकि ज्यूरी के सवाल—जवाब के लिए उनके पास पांच मिनट का वक्त था। इसके पश्चात् दो—दो स्टार्टअप्स के बीच फेस—ऑफ का भी आयोजन हुआ।

# अयातुल्लाह खामेनेई की मौत पर जयपुर में भी गुस्सा, शिया समुदाय ने निकाला आक्रोश जुलूस




जयपुर। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद देशभर में शिया समाज के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। इस बीच जयपुर में भी अयातुल्लाह की मौत को लेकर गुस्से का ज्वार सड़कों पर फूट पड़ा। काले कपड़े पहन सैकड़ों की संख्या में लोगों ने जुलूस निकालकर अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी की। दरअसल, पिंक सिटी जयपुर में पुराने शहर का माहौल अचानक उग्र हो गया, जब जामा मस्जिद से सैकड़ों की संख्या में पुरुष और महिलाएं हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर निकल पड़े। यह उग्र प्रदर्शन सुभाष चौक सर्किल तक पहुंचा, जहां नारेबाजी ने पूरे इलाके को गुंजायमान कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जमकर गुस्सा जाहिर किया। डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू के पोस्टरों पर चप्पलें बरसाई गईं। उन्हें जमीन पर फेंककर रौंदा गया और कई जगह आग के हवाले भी किया गया।

**प्रदर्शन में महिलाएं भी हुईं शामिल**

जयपुर के परकोटे में 'अमेरिका मुर्दाबाद' और 'इजरायल मुर्दाबाद' के नारों से आसमान गूंज उठा। भीड़ में मौजूद महिलाओं ने भी खुलकर अपना आक्रोश जताया और इसे मुस्लिम उम्मत के खिलाफ साजिश करार दिया।

**'नहीं मनाएंगे ईद'**

वहीं जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सैयद नाज़िश अकबर काज़मी ने बताया कि अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई की मौत के बाद मुसलमानों में गम और अफसोस की लहर है। उन्होंने ऐलान किया कि जयपुर में इस बार शिया समाज ईद नहीं मनाएगा। साथ ही बाकी के रमजान को बेहद सादगी से बिताया जाएगा।

**'बेगुनाहों पर जुल्म कर रहा इजरायल'**

इसके अलावा जयपुर में मौलाना सैयद अली इमाम नकवी ने कहा कि अमेरिका और इजरायल ईरान में बेगुनाहों पर जुल्म कर रहे हैं। उनका आरोप है कि इजरायल ने छोटी-छोटी बच्चियों पर हमला किया, जिनमें से कई रोज़े की हालत में थीं। उन्होंने इजरायल को दहशतगर्द मुल्क करार दिया।

**पुलिस जाब्ता रहा तैनात**

इलाके में भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा, हालांकि प्रदर्शनकारियों का गुस्सा देर तक शांत नहीं हुआ। पूरे घटनाक्रम ने शहर के माहौल को तनावपूर्ण बना दिया और प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया।

# वर्षों पुरानी जल समस्या का समाधान

## -नई पाइपलाइन स्थापित - कुंवर दिगराज सिंह



मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। मनोहरपुर के हरिजन मोहल्ला में वर्षों से चली आ रही पेयजल की गंभीर समस्या का समाधान अब हो चुका है। लंबे समय से यहां के निवासियों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा था। कई घरों तक पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं पहुंच पा रही थी, जिससे दैनिक जीवन अत्यंत प्रभावित हो रहा था। इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता देते हुए दिगराज सिंह शाहपुरा दुवारा पिछले दो दिनों में मौके पर उपस्थित होकर जलदाय विभाग के अधिकारियों को स्थल पर बुलाया। विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में पुरानी एवं जर्जर पाइपलाइन को बदलवाकर नई जल पाइपलाइन स्थापित करवाई गई। कार्य पूर्ण होने के पश्चात स्वयं उपस्थित रहकर जल आपूर्ति की जांच करवाई तथा यह सुनिश्चित किया गया कि हर घर तक सुचारु रूप से पानी पहुंचे। परीक्षण के दौरान सभी घरों में पानी की आपूर्ति संतोषजनक पाई गई। यह कार्य केवल पाइपलाइन बदलने का नहीं, बल्कि हरिजन मोहल्ला के परिवारों को राहत देने और उनके सम्मानजनक जीवन के अधिकार को सुनिश्चित करने का प्रयास है। जनसमस्याओं के समाधान के लिए दिगराज सिंह शाहपुरा का संकल्प सदैव दृढ़ रहा है और आगे भी क्षेत्र की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा। जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति है।

# चिकित्सालय में एफएनएसी केंद्र का बेहतर इलाज के साथ मरीजों की सुविधाओं में होगा विस्तार - वन राज्यमंत्री

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने सोमवार को अलवर जिले के राजकीय राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय के पैथोलॉजी विभाग में फाइन निडल एस्पाइरेशन साइटोलॉजी (एफएनएसी) केंद्र का उद्घाटन कर कैंसर एवं अन्य रोगों की जांच सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जिला अस्पताल में इस आधुनिक तकनीक के आने से अलवर की गरीब और मध्यम वर्गीय जनता को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मरीजों को अब अस्पताल में ही कैंसर और गांठों की जांच की सुविधा मिलेगी तथा जांच के लिए निजी सेंटरों पर हजारों रुपए खर्च नहीं करने पड़ेंगे। जिला अस्पताल में यह सुविधा शुरू होने से अलवर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को सीधा फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार चिकित्सा तंत्र को मजबूती प्रदान करने एवं मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरन्तर काम कर रही है। राज्य सरकार द्वारा अपने तीनों बजटों में जिले की चिकित्सा सुविधाओं में विस्तार करते हुए सभी क्षेत्रों के लिए विशेष सौगातें दी है। इसके उपरान्त वन राज्यमंत्री ने अपने दैनिक पौधारोपण के संकल्प के तहत पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि एफएनएसी कैंसर व अन्य रोगों की जांच के लिए सरल एवं सुरक्षित व महत्वपूर्ण जांच विधि है। इसमें बहुत ही पतली सुई की मदद से गांठ से कोशिकाएं निकाली जाती है तथा इसमें चीरा नहीं लगाया जाता है, इसलिए टांके की आवश्यकता भी नहीं होती है और न ही मरीजों को भर्ती होने की आवश्यकता पडेगी। राजकीय मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. इन्द सूद ने बताया कि अस्पताल का लक्ष्य मरीजों को सभी उच्च स्तरीय डायग्नोस्टिक सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है और एफएनएसी केंद्र की स्थापना इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।



**जनता के लिए क्यों महत्वपूर्ण है यह सुविधा —**

पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष मीणा ने बताया कि एफएनएसीएक अत्यंत सरल और प्रभावी जांच पद्धति है। इसके माध्यम से शरीर के किसी भी हिस्से में होने वाली गांठ (जैसे स्तन, गले की गांठ, थायराइड या लिम्फ नोड) की जांच केवल एक बारीक सुई द्वारा की जाती है।

**मरीजों को होने वाले प्रमुख लाभ —**

यह तकनीक शरीर में पनप रहे कैंसर का शुरुआती दौर में ही सटीक पता लगाने में सक्षम है, जिससे समय पर इलाज संभव हो सकेगा, इस प्रक्रिया में किसी भी तरह की चीर-फाड़ या सर्जरी की जरूरत नहीं होती और मरीज को अस्पताल में भर्ती भी नहीं होना पड़ता, स्थानीय स्तर पर जांच होने से मरीजों को रिपोर्ट के लिए अब जयपुर या दिल्ली के चक्कर नहीं काटने होंगे। इस अवसर पर पैथोलॉजी विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. नील शर्मा, डॉ. सुमन मीणा, डॉ. शिल्पा छाबड़ा, डॉ. रेनू राठौड़ सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं चिकित्सालय स्टाफ भी मौजूद रहा।

# गृह राज्य मंत्री बेढम ने नेता प्रतिपक्ष जूली की माता जी को दी श्रद्धांजलि

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्यमंत्री, गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग, राजस्थान सरकार जवाहर सिंह बेढम ने सोमवार को कोटपूतली-बहरोड़ के गांव काठूवास पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की माता जी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने स्व. माता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा जूली सहित समस्त शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें।



## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| **बिजली फॉल्ट के लिए** | | **पानी के लिए** | |
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हेरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# अब्बासी समाज द्वारा सामूहिक रोज़ा इफ्तार



अजमेर (रॉयल पत्रिका)। अब्बासी बिरादरी की संस्था राजस्थान शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा, अजमेर की जानिब से डिग्गी बाजार नवाब का बेड़ा, अजमेर स्थित कम्यूनिटी हाल में सामूहिक रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्द मुस्लिम सिख ईसाई के मौजिज लोगों ने शिरकत की। मुस्लिम समाज की समस्त बिरादरी के सदर सैक्ट्री और नव निर्वाचित सैयद ज़ादगान अन्जुमन कमेटी के पदाधिकारी मेम्बर्स ने भाग लिया और सभी पद अधिकारियों को साफ़ा और माला पहनाकर सम्मानित किया साथ ही मुस्लिम समाज की सभी बिरादरियों के पद अधिकारियों को अब्बासी समाज द्वारा सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में अब्बासी बिरादरी के सदर उमरद्दीन अब्बासी और सचिव सेक्रेटरी अब्दुल हामिद अब्बासी व कोषाध्यक्ष इकरामुद्दीन अब्बासी व महासचिव शरफुद्दीन अब्बासी, उपाध्यक्ष आबिद अब्बासी व राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष हाजी शकील अब्बासी को अजमेर सेंट्रल जेल में अधिकृत किए जाने में पूर्व सदर एडवोकेट फारूख अब्बासी अब्दुल रशीद अब्बासी युवा सदर शाहरुख अब्बासी, अब्दुल जब्बार अब्बासी, ताज अब्बासी, अकिल अब्बासी, सरपरसत दीन मुहम्मद अब्बासी, किफायत उल्ला, मछु खान अब्बासी, अन्नू अब्बासी को भी राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष हाजी शकील अब्बासी को अजमेर सेंट्रल जेल में अधिकृत किए जाने पर अंजुमन सैयद ज़ादगान कमेटी की तरफ से साफ़ा माला पहनाकर सम्मानित किया। मीडिया प्रभारी अज़ीज़ अब्बासी ने बताया कि करीब 500 लोगों ने रोज़ा इफ्तार में भाग लिया। जिसमें अंजुमन सेक्रेटरी सैयद सरवर चिश्ती और इलयास कुरैशी, अकबर खान, अजमेर कांग्रेस कमेटी सभी ब्लॉक के मेंबर श्रीमती द्रौपदी पति कोहली प्रतिपक्ष नेता नगर निगम नाम नारायण गुर्जर पूर्व विधायक नसीराबाद हुसैन चाचा, पूर्व विधायक डॉ. गोपाल बाहेती विधायक व अजमेर नव निर्वाचित अब्बासी कमेटी अजमेर का सभी मुस्लिम समाज ने साफा पहनाकर स्वागत किया।

# आगामी त्यौहारों को लेकर सीएलजी मीटिंग आयोजित

**-सीएलजी की मीटिंग संपन्न हुई**



**इकबाल मोहम्मद शाह**

बनेड़ा (रॉयल पत्रिका)। बनेड़ा थाना परिसर में रविवार को थाना अधिकारी बच्छराज चौधरी की अध्यक्षता में आगामी होली धुलंडी शीतला सप्तमी व रमजान एवं ईद उल फितर त्योहारों को लेकर सीएलजी की मीटिंग संपन्न हुई। बच्छराज चौधरी ने सभी त्योहारों को आपसी प्रेम एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। साथ ही क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चर्चा की गई। इस दौरान सीएलजी सदस्य नियाज मौहम्मद सिलावट, पूर्व उपसरपंच देबी लाल माली, कमलेश कुमार भंडारी, इमरान अंसारी, उदय लाल तगाया, वार्ड पंच अनिल कुमार धावा, भाजपा के कैलाश माली, एडवोकेट मुरली जोशी इत्यादि उपस्थित थे।

# कोटा: कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के रोज़ा इफ़्तार कार्यक्रम में बारां खेल प्रकोष्ठ पदाधिकारियों ने की शिरकत



बारां (रॉयल पत्रिका)। रमजानुल मुबारक के मौके पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के खेलकूद प्रकोष्ठ की ओर से दरगाह हजरत जंगली शाह बाबा, वल्लभनगर में भव्य रोज़ा इफ़्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में रोज़ेदारों, कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमीन पठान के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बारां कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शाहिद इकबाल भाटी के नेतृत्व में बारां से आए कांग्रेस नेता जाकिर मंसूरी, अशरफ देशवाली, पूर्व अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष शाहिद कुंडी, पत्रकार मोहम्मद अन्नू, एडवोकेट अमीनुद्दीन, नियाज मोहम्मद, साबिर खान प्रॉपर्टी, मारुफ लाला, क़लाम स्टोन, डॉ. इजहार सीमा, आशु मंसूरी आदि ने भी कार्यक्रम में पहुंच कर रोजा अफ्तार किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रमज़ान का महीना त्याग, सेवा, प्रेम और मानवता का संदेश देता है। ऐसे आयोजन समाज में सद्भाव, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। सभी धर्मों और समुदायों की सहभागिता ने गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल पेश की। अंत में सभी ने देश और प्रदेश की खुशहाली, अमन-चैन और तरक्की के लिए सामूहिक दुआ की। आयोजन सौहार्द, एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देकर संपन्न हुआ।

# एस पी धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर बनेड़ा में होली व धुलंडी को लेकर निकाला गया रूट मार्च



बनेड़ा (रॉयल पत्रिका)। आगामी होली एवं धुलंडी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह एवं शाहपुरा पुलिस उप अधीक्षक के निर्देशानुसार बनेड़ा कस्बे में थाना पुलिस द्वारा रूट मार्च निकाला गया। रूट मार्च थाना अधिकारी बछराज चौधरी के नेतृत्व मे किया, जिसमें पुलिस बल के जवानों ने कस्बे के मुख्य मार्गों नया बस स्टेंड, पुराना बस स्टेंड, पुरानी सब्जी मंडी एवं चौकी बावड़ी तक पैदल मार्च कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान पुलिस ने लोगों से त्योहार को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। थाना अधिकारी बछराज चौधरी ने बताया कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की गई है। पुलिस प्रशासन के इस कदम से आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है तथा स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की है।

# पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने किया महिला सम्मान समारोह पोस्टर विमोचन




चौमूं (रॉयल पत्रिका)। बलाई विकास समिति जयपुर मुख्यालय-चौमूं की ओर से बलाई समाज सभा-भवन चौमूं में 8 मार्च को आयोजित होने वाले महिला सम्मान समारोह को लेकर सामोद श्री मालेश्वर धाम पर पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा के द्वारा पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार, महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया, समारोह के मुख्य संयोजक लालाराम मेहरडा, सुरेश कुमार महरिया, उपकोषाध्यक्ष नानगराम लुनीवाल, संगठन सचिव गोपीराम मेहरडा, हाथनोदा ग्राम इकाई अध्यक्ष राहुल कुमार जोया आदि मौजूद रहे।

# जनसेवा विकास समिति दुधवाखारा द्वारा बैठक आयोजित

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम दुधवाखारा बैठक में बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने भाग लिया। संरक्षक डॉक्टर रामावतार शर्मा और सरपंच प्रतिनिधि प्रोफेसर डी के सिंह की उपस्थिति में उपरोक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य बातो पर विस्तार से चर्चा हुई।

समिति के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र बुडानिया ने समिति का अब तक का वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। समिति के अध्यक्ष डॉ. मुस्तकिम अली शेख ने समिति के विभिन्न कार्यकलापों के बारे में चर्चा की तथा सभी के साथ विचार-विमर्श के बाद निम्न बिंदु सामने आए -

1. तालाब पर स्थित धर्मशाला के जिर्णोद्धार का कार्य पूरा हो चुका है तथा इसके लिए पूर्ण वित्त व्यवस्था डॉक्टर रामावतार शर्मा ने की है।
2. धर्मशाला में संचालित किए जाने वाले पुस्तकालय के लिए भी डॉक्टर साहब ने रुपए 36000/- की व्यवस्था की है जिससे दरियां, बैंच और रेक खरीदी जाएगी।
3. तालाब की मरम्मत के बारे में चर्चा करते हुए डॉक्टर साहब ने कहा कि वह इस हेतु वित्तीय सहायता भी अपने इष्ट मित्रों से करवा देंगे।
4. तालाब के पास बोरिंग करवाने के लिए ग्राम पंचायत से आग्रह किया गया, जिसकी सहमति पंचायत की ओर से मिल गई।
5. तालाब पर स्थित कुएं के नालों की सफाई व कांप निकाल कर उसमें मोटर लगाने पर चर्चा हुई। इसके लिए पूरा खर्चा देने के लिए देवकरण दाधीच ने हामी भरी है।
6. कुएं की पूरी साफ-सफाई व मोटर लगाने के बाद कुएं के सौंदर्यकरण के लिए रंग रोगन करवाने पर चर्चा हुई।
7. सती मंदिर की तरफ नये तालाब के चारों ओर वाकिंग ट्रेक , बच्चों के लिए झूले व ओपन जिम बनाने पर भी चर्चा हुई।
8. इसके अलावा यह भी तय किया गया कि गांव में किसी भी तरह के शिक्षा, उच्च शिक्षा (कालेज), स्वास्थ्य और अन्य विकास कार्यों जैसे सड़क, जलापूर्ति आदि के लिए समिति हमेशा प्रयासरत रहेगी। समिति अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# गोचर, अंगोर व ओरण, सारण व मंदिर माफी भूमियों से अतिक्रमण हटाने की मांग

***-सरकारी भूमियों पर कच्चे पक्के निर्माण और चार दिवारी बना कर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाए***

**मोहम्मद अली पठान**

लाडनूं (रॉयल पत्रिका)। लाडनूं विधानसभा क्षेत्र के संघर्षशील वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता मो. मुश्ताक खान कायमखानी ने राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र प्रेषित कर लाडनूं शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ओरण, अंगोर, सारण, मंदिर माफी भुमियो पर क्षेत्र के सुविधा संपन्न प्रभावशाली लोगों ने स्थानीय प्रशासन की आसपी मिलीभगत के चलते खुल्लम-खुल्ला अतिरमण कर रखा है जबकी अतिक्रमियों के पास स्वयं की निजी संपत्ति व खेत सहित घरेलू जमीनों के मालिक होने के बावजूद भी सरकार की लाखों करोड़ों रुपए की भूमियों पर अतिक्रमण कर रखा है। बहुत से लोगों ने ऐसी भुमियो पर कच्चा पक्का निर्माण करके चार दिवारी आदी बना ली है तथा जलदाय विभाग और विधुत विभाग के साथ आपसी मिलिभगत करके फर्जी दस्तावेज के आधार पर जल व बिजली कनेक्शन तक ले लिए हैं। कुछ अतिक्रमियों ने तो अतिक्रमण वाली सरकारी भुमियो को ऊंची किमतो पर क़ब्ज़े के आधार पर जरिए स्टाम्प अग्रीमेंट के अन्य लोगों तक को बेचान कर दिया है। कायमखानी ने बताया की ओरण-गोचर भूमि बचाने पर जोर दिया जाएगा, ये भूमि पशुओं-वन्यजीवों के जीवनयापन से जुड़ी, इसका संरक्षण बहुत जरूरी। ओरण और गोचर भूमिया बर्बाद होने से पशुओं पर भी संकट आएगा। ओरण व गोचर भूमि को राजस्व रिकॉर्ड में सरकारी भूमि के स्थान पर ओरण व गोचर भूमि के नाम से दर्ज करने की मांग की गई है। पर्यावरण संतुलन के लिए पौधे लगाएं कायमखानी ने कहा कि ओरण व गोचर भूमि, तालाब, प्राचीन कुएं, बावड़ियों का संरक्षण जनहित से जुड़ा है। ये भूमि पशुओं व वन्यजीवों के जीवन यापन के लिए बहुत महत्वपूर्ण होती है। हाल ही में सीएम भजनलाल शर्मा की ओर से खेजड़ी की कटाई पर पूरी तरह से रोक लगाई है। यह निर्णय सही व उचित है। इसी तरह ओरण और गोचर भूमि पर भी सरकार जल्द ध्यान देते हुए निस्तारण करवाएगी। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाना चाहिए और इस संबंध मैं आम जनता को भी जागरूक किया जाना चाहिए।

# प्रमोद भंसाली संभागीय महासचिव मनोनीत




पाली (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जैन संगठना के राज्य अधिवेशन में पाली के युवा समाजसेवी प्रमोद भंसाली को संभाग के महासचिव के रूप में मनोनीत किया गया। संभागीय मीडिया हेड चिराग कोठारी ने बताया कि राज्य अधिवेशन में संभागीय अध्यक्ष रमेशचंद बरडिया की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष श्रवण दुग्गड़ और सचिव आतिश लोढ़ा ने भंसाली को महासचिव पद पर मनोनीत किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर सांखला, महासचिव पंकज चौपड़ा, मैनेजिंग डायरेक्टर कोमल जैन ने साफा पहना कर अभिनंदन किया और प्रदेश महिला अध्यक्ष लता ललवानी और सचिव ऋतु मेहता ने दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। व्यापार प्रकोष्ठ प्रभारी गौरव सालेचा ने बताया कि इस मौके पर पार्षद विकास बुबकीया, नरेश मेहता संभागीय पदाधिकारी दिनेश बोहरा सांचोर, मूलचंद संकलेचा, लवकेश कोठारी, अनिता तलेसरा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भंसाली के मनोनयन पर श्रीसंघ सभा अध्यक्ष विनय भंसाली, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी, उगमराज सांड, विनय बम्ब, मांगीलाल मुणोत सहित जैन समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने बधाई दी।

# राजीविका स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के लिए "हनुमानगढ़ हाट एंड क्राफ्ट" डिजिटल चैनल का शुभारंभ



हनुमानगढ़ (रॉयल पत्रिका)। जिले में राजीविका के स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं विपणन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंस्टाग्राम एवं व्हाट्सऐप चैनल "हनुमानगढ़ हाट एंड क्राफ्ट" का शुभारंभ किया गया। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के पोस्टर का विमोचन जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव द्वारा राजसखी मेला प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि अमित सहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीईओ ओपी बिश्नोई, जिला परियोजना प्रबंधक वैभव अरोड़ा, राजीविका स्टाफ एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाए भी मौजूद रहीं। इंस्टाग्राम एवं व्हाट्सऐप चैनल पर हनुमानगढ़ जिले के स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों की विस्तृत कैटलॉग उपलब्ध कराई गई है। इनमें शहद, लकड़ी के खिलौने, लोहे के बर्तन, जूट से बने उत्पाद, मसाले, दलिया आदि शामिल हैं। इच्छुक उपभोक्ता क्यूआर कोड के माध्यम से चैनल से जुड़कर उत्पादों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा सीधे ऑर्डर भी कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने कहा कि यह डिजिटल पहल स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रचार एवं विक्रय के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करेगी। साथ ही, आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्थानीय उत्पाद उपलब्ध कराने का यह एक सशक्त माध्यम सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस प्लेटफॉर्म पर जिले के अन्य उत्पाद भी जोड़े जाएंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध हो सकेगा।

# संगठन की कार्यप्रणाली पर की खुलकर चर्चा: सक्षम का जिला स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का हुआ आयोजन




पाली (रॉयल पत्रिका)। दिव्यांगता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने वाली समदृष्टि क्षमता विकास व अनुसंधान मंडल (सक्षम) के जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग पेंशनर समाज भवन जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित हुआ। मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम तीन सत्र में हुआ जिसमे संगठन के सदस्यों का परिचय, संघठन की कार्यप्रणाली, संगठन की विभिन्न गतिविधियों का परिचय व दिव्यांगता के क्षेत्र में संगठन के विभिन्न आयामों व प्रकोष्ठों की जानकारी उपलब्ध करवाई गई।

कार्यक्रम मे अध्यक्ष मनोहर लाल जोशी जिला ने गत एक वर्ष किए गए कार्यों व नवाचारों से अवगत करवाया व भविष्य की कार्ययोजना को प्रस्तुत किया। जिला उपाध्यक्ष डॉ. मांगीलाल चौधरी ने दिव्यांगता के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों व उसके समाधान पर विचार प्रस्तुत किए। इन्होंने बताया कि मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखकर जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

**रोजगार और स्वावलंबन पर विशेष चर्चा–**

प्रांत चरेवैती प्रकोष्ठ प्रभारी झाला राम देवासी ने दिव्यांगों के रोजगार और स्वावलंबन पर विशेष चर्चा प्रस्तुत की। इन्होंने विभिन्न स्वरोजगार विकल्पों पर ध्यान आकर्षित किया जो दिव्यांग के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं। इन्होंने दिव्यांगजनों की हर तरह से मदद करने का आश्वासन दिया। प्रांत सचिव जोधपुर सुरेश चन्द्र मेवाड़ा ने संगठन के विस्तार और विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। संगठन के विस्तार के लिए प्रत्येक तहसील स्तर तक के दिव्यांगों को जोड़कर दिव्यांगों में जागृति लाने का कार्य करना होगा। संगठन के सम्पूर्ण वर्ष की गतिविधियों के अनुसार कार्य करने का आह्वान किया।

**दिव्यांग सेवा केन्द्रों की दी जानाकरी–**

सुरेश जांगिड ने दिव्यांग सेवा केन्द्रों पाली व सोजत के माध्यम से दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी दी और दिव्यांगों को इनका लाभ लेने का संदेश दिया। जालम सिंह राजपुरोहित ने विभिन्न तहसील से सुविधाओं से वंचित दिव्यांगों को लाभान्वित करने के लिए एक सर्व करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न तहसील मुख्यालयों से संयोजक,सहसंयोजक व दिव्यांग कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव पंकज सेन ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में तरुण मेवाडा, ईशा रखेचा सहित अन्य कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

# गांव चरला होली का जश्न, लोगों ने चंग की ताल पर गाया फाग



**हरि चौधरी**

चूरू /सुजानगढ़ (रॉयल पत्रिका)। चूरू जिले की सुजानगढ़ तहसील के चरला गांव में सभी ग्राम वासियों ने मिलकर होली का जश्न मनाया, होली के पवित्र त्यौहार पर लोगों ने पारंपरिक राजस्थानी फाग पर नृत्य किया, इस दौरान गांव के चौक में विशेष आयोजन किया गया। जहां लोगों ने चंग की ताल पर पारंपरिक राजस्थानी फाग गाकर माहौल को रंगीन बना दिया। ढोल और चंग की थाप पर ग्रामीणों ने जमकर नृत्य किया और होली के पारंपरिक गीतों से समां बांध दिया। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि चरला में हर साल होली का त्योहार इसी तरह मिल-जुलकर मनाया जाता है, जिससे आपसी प्रेम और सौहार्द बना रहता है। युवाओं ने भी इस परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस सामूहिक आयोजन ने यह संदेश दिया कि त्योहार केवल रंगों का नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का माध्यम भी हैं। चरला गांव में मनाई गई यह होली लंबे समय तक ग्रामीणों की यादों में बनी रहेगी।

**सूचना**

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।**

# अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान एफडीआई 18 प्रतिशत बढ़कर 47.87 अरब डॉलर पर

## एफडीआई निवेश सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 12.69 अरब डॉलर रहा




**नईदिल्ली, एजेंसी।** चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 18 प्रतिशत बढ़कर 47.87 अरब डॉलर रहा। इस दौरान अमेरिका से आने वाला निवेश भी लगभग दोगुना होकर 7.80 अरब डॉलर हो गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में देश के भीतर 40.67 अरब डॉलर एफडीआई आया था। वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर अवधि में इक्विटी में एफडीआई निवेश सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 12.69 अरब डॉलर रहा। हालांकि यह जून-सितंबर तिमाही के 16.55 अरब डॉलर से 23 प्रतिशत कम है। इक्विटी, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी को मिलाकर कुल एफडीआई प्रवाह अप्रैल-दिसंबर अवधि में 17.4 प्रतिशत बढ़कर 73.31 अरब डॉलर हो गया जबकि 2024-25 की समान अवधि में यह 62.48 अरब डॉलर था। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, सिंगापुर 17.65 अरब डॉलर के साथ एफडीआई का सबसे बड़ा निवेश स्रोत रहा। उसके बाद अमेरिका (7.8 अरब डॉलर), मॉरीशस (4.83 अरब डॉलर), जापान (3.2 अरब डॉलर), यूएई (2.45 अरब डॉलर) और नीदरलैंड (2.29 अरब डॉलर) रहे। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2025 के बीच सिंगापुर (192.53 अरब डॉलर) और मॉरीशस (185 अरब डॉलर) शीर्ष निवेशक रहे हैं जबकि अमेरिका का कुल निवेश 78.46 अरब डॉलर रहा है। उद्योग क्षेत्रों के हिसाब से, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर में 10.7 अरब डॉलर, सेवाओं में 8.42 अरब डॉलर और व्यापार में 3.36 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया। गैर-पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्र में 2.53 अरब डॉलर, निर्माण में 2.1 अरब डॉलर और वाहन क्षेत्र में 1.82 अरब डॉलर का निवेश हुआ। आंकड़े बताते हैं कि राज्यों में महाराष्ट्र 15.38 अरब डॉलर के साथ एफडीआई के मामले में शीर्ष पर रहा। उसके बाद कर्नाटक (11.2 अरब डॉलर) और गुजरात (5 अरब डॉलर) का स्थान रहा। सरकार ने अधिकांश क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग से 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देते हुए निवेश-अनुकूल नीति लागू की है। पिछले वित्त वर्ष में इक्विटी एफडीआई 50.01 अरब डॉलर और कुल एफडीआई 80.6 अरब डॉलर रहा था।

### 1500 से ज्यादा उछलेगा यह शेयर एनर्जी सेक्टर से जुड़ी है कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल फाइनेंशियल ने कहा कि अमेरिका को लॉन्ग-टर्म फोकस मार्केट मानते हुए वारी की मजबूत स्थिति को देखते हुए, हम अपने अनुमान बरकरार रखते हैं। ब्रोकरेज ने शेयर के लिए ं रेटिंग दोहराते हुए टारगेट प्राइस 4260 तय किया है। ब्रोकरेज ने कहा कि अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने भारत, इंडोनेशिया और लाओस से सोलर पीवी आयात पर प्रारंभिक काउंटरवेलिंग ड्यूटी लगाई है, जिसमें भारत के लिए 126 प्रतिशत की ऊंची दर के कारण भारतीय सोलर कंपनियों के शेयरों में तेज गिरावट आई और नेगेटिव सेंटिमेंट बना। हालांकि, वारी एनर्जीज के मैनेजमेंट ने स्पष्ट किया है कि इससे कंपनी पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। वारी अमेरिकी सप्लाई के लिए भारत या प्रभावित देशों की सेल्स का इस्तेमाल नहीं करती है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने सोलर पैनल के आयात पर काउंटरवेलिंग ड्यूटी लगाने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य भारत, इंडोनेशिया और लाओस द्वारा अपने उत्पादकों को दी जाने वाली सब्सिडी की भरपाई करना बताया गया है। ये दरें भारत के लिए 125.87 प्रतिशत, इंडोनेशिया के लिए 104.38 प्रतिशत और लाओस के लिए 80.67 प्रतिशत निर्धारित की गई हैं। यह आयात शुल्क घरेलू सोलर पैनल उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करने वाले अलायंस फॉर अमेरिकन सोलर मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड द्वारा 17 जुलाई, 2025 को दायर याचिकाओं के बाद लगाया गया है।

### गेल महाराष्ट्र में पवन ऊर्जा परियोजना पर 1,736 करोड़ रुपए निवेश करेगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड महाराष्ट्र में एक पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए 1,736.25 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी ने वर्ष 2035 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है और यह निवेश उसके नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो के विस्तार की दिशा में एक कदम है। गेल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि शुक्रवार को हुई निदेशक मंडल की बैठक में 178.2 मेगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अनुबंध मिलने के 24 महीनों के भीतर पूरी होने वाली यह परियोजना कंपनी के मौजूदा 117.95 मेगावाट के पोर्टफोलियो में इजाफा करेगी। इसके अलावा, कंपनी के पास राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैली 27 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं भी हैं।

### सैमीज़ एंटरटेनमेंट की नई ट्रैवल-लव ड्रामा फिल्म जय हिंद जय सिंध - ए लव स्टोरी की घोषणा की

**भोपाल।** सैमीज़ एंटरटेनमेंट ने अपनी आगामी बॉलीवुड फिल्म जय हिंद जय सिंध ं ए लव स्टोरी की घोषणा की है। यह फिल्म प्यार, जड़ों और पहचान की एक भावनात्मक कहानी है, जो भारत के विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन इंद्रजीत लंकेश ने किया है और यह मजबूत भावनाओं और अर्थपूर्ण कहानी का वादा करती है। निर्माताओं ने फिल्म का मोशन पोस्टर भी जारी कर दिया है, जिससे दर्शकों को फिल्म की भावनात्मक और देशभक्ति से जुड़ी दुनिया की पहली झलक मिली है। जय हिंद जय सिंध ं ए लव स्टोरी एक ट्रैवल-लव ड्रामा फिल्म है, जो भारत के अलग-अलग हिस्सों में होने वाली एक रोड जर्नी के जरिए अतीत और वर्तमान को जोड़ती है। भारत-पाक विभाजन की पृष्ठभूमि में बनी यह फिल्म दिखाती है कि इतिहास ने किस तरह कई परिवारों की जिंदगी बदली और उसका असर आज भी महसूस किया जाता है। इस सफर के दौरान अलग-अलग किरदार एक-दूसरे से मिलते हैं और कहानी प्यार, अपनापन, त्याग, उपचार और अपनी मिट्टी से जुड़ाव जैसे विषयों को सामने लाती है। इस फिल्म की खास बात यह है कि इसकी कहानी निर्माता सैमी ननवानी के जीवन के कुछ वास्तविक अनुभवों से प्रेरित है। उनके अपने जीवन की कुछ यादें और सफर इस फिल्म की भावनाओं को और सच्चाई देते हैं। फिल्म के बारे में सैमी ननवानी कहते हैं, यह कहानी मेरे दिल के बहुत करीब है। इसमें कुछ ऐसे अनुभव और भावनाएँ हैं, जो मेरे जीवन के सफर का हिस्सा रही हैं।

### ज़ाइडस लाइफ़साइंसेज ने भारत में पहली बार लॉन्च की किफायती

## ड्रग-फ्री हैंडहेल्ड सांस की डिवाइस पेपेअरटीएम

**भोपाल।** एक इनोवेशन-आधारित इंटरनेशनल लाइफ-साइंसेज कंपनी, ज़ाइडस लाइफ़साइंसेज लिमिटेड (अपनी सहायक/संबद्ध कंपनियों सहित, जिसे आगे ज़ाइडस कहा गया है), ने पेपेअरटीएम लॉन्च किया है। यह भारत का पहला किफायती ऑसिलेटिंग पॉजिटिव एक्सपायरेटरी प्रेशर (ओपीईपी) डिवाइस है, जिसमें 3-रेज़िस्टेंस सिस्टम दिया गया है। यह डिवाइस सीओपीडी, अस्थमा और ब्रोन्किइक्टेसिस से पीड़ित मरीजों में छाती की जकड़न कम करने, बलगम साफ करने और सांस लेने में सुधार करने में मदद करता है। पेपेअरटीएम एक इनोवेटिव, ड्रग-फ्री, हैंडहेल्ड डिवाइस है, जिसका डिजाइन पेटेंटेड है। भारत में 90 लाख से अधिक मरीज गंभीर सांस के रोगों से पीड़ित हैं। इन मरीजों में अत्यधिक और लगातार बलगम बनना एक आम समस्या है, जिसके लिए रोज़ाना उपयोग योग्य एयरवे क्लीयरेंस समाधान की आवश्यकता होती है। पेपेअरटीएम को ऐरोडेल टेक्नोलॉजी इन्नोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौते के तहत लॉन्च किया जा रहा है। यह एक भारतीय मेडिकल डिवाइस कंपनी है, जो ड्रग-डिलीवरी पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन को सरल बनाने पर काम करती है। रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए, ज़ाइडस लाइफ़साइंसेज ने पेपेअरटीएम को किफायती कीमत 990 रुपये प्रति यूनिट में उपलब्ध कराया है। लॉन्च के अवसर पर ज़ाइडस लाइफ़साइंसेज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर शर्विल पटेल ने कहा, ज़ाइडस में पेशेंट-सेंट्रिक इनोवेशन का मतलब है स्वास्थ्य सेवाओं को इस तरह आगे बढ़ाना, जिससे रोज़मर्रा की देखभाल मरीजों के लिए अधिक सुलभ हो सके। पेपेअरटीएम के साथ, जो भारत का पहला किफायती ओपीईपी डिवाइस है, हम एक ड्रग-फ्री, हैंडहेल्ड समाधान पेश कर रहे हैं, जिसे सीओपीडी, अस्थमा और ब्रोंकिएक्टेसिस से पीड़ित मरीजों की बेहतर सांस लेने में मदद के लिए डिज़ाइन किया गया है।




### हीरो मोटोकॉर्प ने 'राइड सेफ इंडिया' के साथ सबके लिए सड़क सुरक्षा को बढ़ावा दिया

**मुंबई, एजेंसी।** हीरो मोटोकॉर्प, दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्माता कंपनी, ने हरियाणा पुलिस और राहगिरी फाउंडेशन के साथ मिलकर गुरुग्राम में सी राइड फार सेफ्टी वुमंस नाइट रैली का आयोजन किया। इस रैली को डॉ. अर्पित जैन, पुलिस उपायुक्त; डॉ. राजेश मोहन, उपायुक्त (ट्रैफिक पुलिस) और हीरो मोटोकॉर्प के वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल बिजनेस एंड प्रोडक्ट प्लानिंग, श्री संजय भान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्टेशन हाउस ऑफिसर सुश्री सोनिया तथा महिला पुलिस बल ने भी इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए इस मुहिम का समर्थन किया। इस रैली में 150 महिला राइडर्स ने भाग लिया और यह सड़कों पर सुरक्षा, आत्मविश्वास तथा समावेशन का एक शक्तिशाली उत्सव था। महिला राइडर्स ने गुरुग्राम की सड़कों पर देर शाम 9 किलोमीटर की रूट पर सवारी की। जनवरी 2026 में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर शुरू की गई राइड सेफ इंडिया पहल एक तीन महीने की मुहिम है, जो सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा निर्धारित सड़क सुरक्षा के 4श्वह्य - शिक्षा, इंजीनियरिंग, प्रवर्तन और आपातकालीन देखभाल पर आधारित है। प्रशिक्षण, जागरूकता अभियान, स्कूल एक्टिवेशन और नागरिक-नेतृत्व वाले कार्यक्रमों के माध्यम से यह अभियान सुरक्षित सवारी को एक सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करने में मदद कर रहा है।




इस पहल के बारे में, हीरो मोटोकॉर्प की हेड - कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं सीएसआर, लतिका तनेजा ने कहा, दुनिया की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी के रूप में, जहां हर दिन लाखों लोग हीरो मोटोकॉर्प के वाहनों को चलाते हैं, सड़क सुरक्षा हमारे लिए केवल एक प्राथमिकता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है जो हमें परिभाषित करती है।

# टाटा मोटर्स ने वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट अथॉरिटी के साथ किया समझौता

**तूतीकोरिन, एजेंसी।** देश के नेट-ज़ीरो उत्सर्जन के लक्ष्य की ओर एक अहम कदम बढ़ाते हुए, भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल व्हीकल निर्माता कंपनी, टाटा मोटर्स ने तूतीकोरिन (तमिलनाडु) के वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट अथॉरिटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत पोर्ट पर 40 ग्रीन हाइड्रोजन इंटरनल कम्बशन इंजन से चलने वाले हैवी-ड्यूटी प्राइम मूवर्स तैनात किए जाएंगे। रूश्व पर माननीय केंद्रीय पोर्ट्स, शिपिंग और वॉटरवेज़ मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल की मौजूदगी में साइन किए गए।

समझौते के अनुसार, टाटा मोटर्स सबसे पहले एक हाइड्रोजन-पावर्ड प्राइम मूवर का ट्रायल शुरू करेगी, जिसके बाद अगले दो वर्षों में चरणबद्ध तरीके से 40 एच2 आइसीइ प्राइम मूवर्स तैनात किए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट की फंडिंग बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा की जाएगी, जो ग्रीन एनर्जी अपनाने और एक टिकाऊ व फ्यूचर-रेडी समुद्री इकोसिस्टम बनाने के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




पार्टनरशिप पर अपने विचार शेयर करते हुए, श्री सुसांता कुमार पुरोहित, आइआरएसइइ, चेयरपर्सन, वीओसीपीए ने कहा, टाटा मोटर्स के साथ हमारी पार्टनरशिप वीओसी पोर्ट के नेट-ज़ीरो एमिशन हासिल करने की कोशिश में एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम है। ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रकों के आने से हमारे कार्गो हैंडलिंग ऑपरेशन काफ़ी हद तक डीकार्बनाइज़ होंगे, साथ ही भारत में सस्टेनेबल पोर्ट-लेड लॉजिस्टिक्स के लिए एक बेंचमार्क सेट होगा। इन ग्रीन हाइड्रोजन ट्रकों को धीरे-धीरे शामिल करने में मदद करने के लिए, पोर्ट 2 एमडब्लयू का इलेक्ट्रोलाइज़र और एक खास हाइड्रोजन रिफ्यूलिंग स्टेशन बनाने की योजना पर भी काम कर रहा है। यह प्रोजेक्ट ग्रीन फ्यूल से जुड़ी कई दूसरी कोशिशों के साथ मिलकर एक मज़बूत ग्रीन हाइड्रोजन इकोसिस्टम बनाने और वीओसी पोर्ट को सस्टेनेबल मैरीटाइम इंफ्रास्ट्रक्चर में लीडर बनाने के हमारे कमिटमेंट को और मज़बूत करता है। रूश्व की घोषणा पर बोलते हुए, टाटा मोटर्स लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट और बिज़नेस हेड - ट्रक्स, श्री राजेश कौल ने कहा, वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट अथॉरिटीज़ के साथ हमारा कोलेबोरेशन हाइड्रोजन से चलने वाले हेवी-ड्यूटी ट्रकिंग को असल दुनिया के पोर्ट ऑपरेशन्स में लाने में एक अहम मील का पत्थर है। पिछले कई महीनों में, हमने कार्गो हैंडलिंग एप्लीकेशन्स में हाइड्रोजन ट्रक्स के लिए रास्तों का पता लगाने के लिए पोर्ट अथॉरिटीज़ के साथ मिलकर काम किया है। यह पायलट टीसीओ पैरिटी का पता लगाने और ग्रीन हाइड्रोजन के साथ भारत के पोर्ट्स को ज़्यादा साफ़ और सस्टेनेबल लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस की ओर बदलने में मदद करने की क्षमता दिखाने में मदद करेगा।इस प्रोजेक्ट के लिए गाड़ियों के बेड़े में टाटा मोटर्स प्राइमा 55-टन प्राइम मूवर शामिल है, जिसे टिकाऊ, लागत प्रभावी और हाई-परफॉर्मेंस ट्रांसपोर्टेशन के लिए तैयार किया गया है। प्रीमियम प्राइमा केबिन और उन्नत ड्राइवर-असिस्ट सुरक्षा फीचर्स से लैस ये ट्रक ड्राइवर की सुविधा को बढ़ाते हैं, उनकी थकान कम करते हैं और प्रोडक्टिविटी में सुधार करते हैं, साथ ही सुरक्षा के नए मानक भी स्थापित करते हैं।

# पी एंड जी शिक्षा मंडीदीप सहित 1 करोड़ बच्चों को सकारात्मक रुप से प्रभावित कर रही है

**मंडीदीप।** पी एंड जी शिक्षा ने मध्य प्रदेश में 1989 में मंडीदीप में अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा स्थापित करके अपना व्यावसायिक संचालन शुरू किया, जिससे महत्वपूर्ण निवेश हुआ और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए। आज, यह संयंत्र पी एंड जी इंडिया की गुणवत्ता और नवाचार के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का आधार बन गया है, और प्रॉक्टर एंड गैंबल का के विश्व स्तर पर सबसे बड़ा डायपर विनिर्माण संयंत्र है।वर्ष 2005 से, पी एंड जी शिक्षा ने देश भर के हजारों विद्यालयों और समुदायों का सहयोग किया है, और लक्षित शैक्षणिक हस्तक्षेपों के माध्यम से वंचित क्षेत्रों के 1 करोड़ से अधिक बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पढ़ रहा है। इसके अंतर्गत, बच्चों के सीखने के परिणामों में सुधार लाने के लिए, पी एंड जी शिक्षा रोकथाम और सुधारात्मक उपायों पर ध्यान केंद्रित करती है। सुधारात्मक उपायों के लिए, इसने साथ साझेदारी में नामक एक कंप्यूटर-आधारित अनुकूलनशील शिक्षण उपकरण के साथ समर्थित तकनीक का लाभ उठाता है।



यह कार्यक्रम प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के साथ साझेदारी में जमीनी स्तर पर सुधारात्मक शिक्षण कार्यक्रमों को भी लागू करता है, जिसमें प्रशिक्षित स्वयंसेवकों और शिक्षकों द्वारा समर्थित सामुदायिक और विद्यालय-आधारित दोनों मॉडल का उपयोग किया जाता है। रोकथाम के लिए, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के माध्यम से पी एंड जी शिक्षा प्रारंभिक बाल्य शिक्षा पर ध्यान देती है, ताकि बच्चों में सीखने की कमियों को दूर करने और स्कूल शुरू करते समय एक मजबूत नींव रखने के लिए उनमें मोटर, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा और रचनात्मक कौशल विकसित किए जा सकें। पी एंड जी शिक्षा ने आज भारत भर में 1 करोड़ बच्चों तक पहुंचने और उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की उपलब्धि की घोषणा की, जिसका उद्देश्य सीखने के अंतर को मिटाना है। यह उपलब्धि देश भर में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को सशक्त बनाने के लिए दो दशकों से अधिक समय से जारी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। भारत की अनेक कक्षाओं में सीखने के दौरान होने वाली झिझक अक्सर अनदेखी रह जाती है-कोई बच्चा पैराग्राफ

### ओटीटी रिलीज़ के साथ रंग भरें अपनी होली की छुट्टियों में

**मुंबई, एजेंसी।** होली रंगों, मस्ती, मेलजोल और बेफिक्र आनंद का त्योहार है। गुलाल के धमाल, पकवानों की खुशबू और थोड़ी सी फुर्सत के बीच यही सही मौका है घर के अंदर आराम से बैठकर ऐसी कहानियों में खो जाने का, जो इस त्योहार की तरह ही जीवंत और चौंकाने वाली हों।एयरटेल आईपीटीवी के साथ आपका होली का मनोरंजन अनुभव और बेहतर हो जाएगा। इसमें आपको एक ही बड़ी स्क्रीन पर 29 से ज्यादा मुख्य ओटीटी ऐप्स, 600 से ज्यादा लाइव टीवी चैनल और ऑन डिमांड कंटेंट की बड़ी लाइब्रेरी उपलब्ध होती है।

# वायासैट और बीएसएनएल ने भारत में पहला सैटेलाइट कौशल विकास पाठ्यक्रम शुरू किया

**जबलपुर, एजेंसी।** भारत संचार निगम लिमिटेड और वायासैट इंडिया ने सैटेलाइट और सैटेलाइट तकनीक के अनुप्रयोग पर अपना पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। यह कार्यक्रम भारत रत्न भीम राव अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेलीकॉम ट्रेनिंग , जबलपुर में प्रस्तावित दूरसंचार नवाचार, अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र के तत्वावधान में शुरू किया गया है। सैटेलाइट संचार के क्षेत्र में कौशल विकास एवं उद्योग की तैयारी को बढ़ावा देने के लिए बीएसएनएल और वायासैट इंडिया ने पिछले वर्ष गठबंधन की घोषणा की थी। प्रशिक्षण के शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता बीएसएनएल के सीएमडी रॉबर्ट रवि ने की। इस अवसर पर वायासैट के अध्यक्ष - कॉमर्शियल बेन पामर, वायासैट इंडिया के प्रबंध निदेशक गौतम शर्मा, वायासैट के उपाध्यक्ष-एडवांस्ड ह्रश्वह्र सॉल्यूशंस संदीप मूर्ति और



दूरसंचार विभाग के अन्य अधिकारी भी संचार भवन में मौजूद थे। वहीं, इस समारोह के दौरान जबलपुर स्थित बीआरबीआरएआईटीटी में विद्यार्थी मौजूद थे। इस गठबंधन के तहत सैटेलाइट एवं सैटेलाइट टेक्नोलॉजी के उपयोग पर यह प्रारंभिक पाठ्यक्रम विद्यार्थियों और करियर के शुरुआती दौर में काम कर रहे पेशेवरों के लिए 22 घंटे का एक वर्चुअल प्रोग्राम है। इन प्रशिक्षण सत्रों का संचालन एक्सपर्ट ट्रेनर द्वारा ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज के विद्यार्थियों, आईटी व इंजीनियरिंग के पेशेवरों और सैटेलाइट संचार एवं सैटेलाइट युक्त एप्लीकेशंस में बुनियादी ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक नए स्नातकों को लाभ प्रदान करना है। यह पाठ्यक्रम जबलपुर में बीएसएनएल के तत्वावधान में स्थापित विशेषज्ञ प्रशिक्षण संस्थान बीआरबीआरएआईटीटी में एक व्यापक कौशल विकास की रूपरेखा पेश करने में पहला कदम है। यह संस्थान टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए आधारभूत ढांचा और लॉजिस्टिक संबंधी सहयोग उपलब्ध कराता है।

### साणंद प्लांट उन्नत सेमीकंडक्टर डिज़ाइन और मैन्युफैक्चरिंग केन्द्र के रूप में भारत का उद्भव है: अशोक चांडक

**साणंद, एजेंसी।** इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) भारत सरकार और माइक्रोन टेक्नोलॉजी को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात के साणंद में माइक्रोन की अत्याधुनिक एटीएमपी (असेंबली, टैस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) फैसिलिटी के ऐतिहासिक उद्घाटन पर बधाई देती है। इस आयोजन में उपस्थित रहे, आईईएसए के प्रेसिडेंटअशोक चांडक ने इस घटना को भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा में एक अहम पड़ाव बताते हुए कहा- यह मेरे लिए बेहद खुशी की बात थी कि मैंने स्वयं इतिहास बनते हुए देखा। प्रधानमंत्री के तीन शब्दों ने सब कुछ कह दिया - 'भारत तैयार है, भारत भरोसेमंद है, और भारत काम करके दिखाता है' - यह एक विश्व स्तरीय चिप ईकोसिस्टम बनाने में देश के भरोसे का एक शक्तिशाली ऐलान था। माइक्रोन के एटीएमपी प्लांट का चालू होना भारत की सेमीकंडक्टर नीति के इरादे को लागू करने और मैन्युफैक्चरिंग की तैयारी में सफलतापूर्वक बदलने का सबूत है। सरकार, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन, गुजरात सरकार की मज़बूत प्रतिबद्धता और हमारी महत्वपूर्ण सदस्य कंपनी माइक्रोन के भारत की डिज़ाइन और मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं पर भरोसे को दिखाता है। माइक्रोन का ?22,516 करोड़ (लगभग 2.75 अरब यूएस डॉलर) का बड़ा निवेश, भारत में उनके डिज़ाइन सेंटर्स के अलावा, भारत के मैन्युफैक्चरिंग लैंडस्केप में किसी वैश्विक सेमीकंडक्टर लीडर के सबसे बड़े वायदों में से एक है।

महत्वपूर्ण है, क्योंकि कुछ ही देशों के पास यह क्षमता है। दुनिया भर में मांग तेज़ी से बढ़ रही है - अल्पकालिक आपूर्ति का दबाव बना हुआ है, ऐसे में भारत का माइक्रोन के डिज़ाइन सेंटर्स के अलावा मेमोरी मैन्युफैक्चरिंग में अपनी मौजूदगी बनाना सही वक्त पर हुआ है और यह कदम परिवर्तनकारी है। इस मेमोरी प्लांट और माइक्रोन के मौजूदा मेमोरी चिप डिज़ाइन सेंटर्स और इस साल खुलने वाली चिप ह्रश्वञ्ज सुविधाओं से भारत की सेमीकंडक्टर ताकत कई गुना बढ़ जाएगी।



### नैना का किरदार मेरे लिए सबसे बड़ा आकर्षण

# संदीपा धर

अभिनेत्री संदीपा धर हालिया रिलीज फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में नजर आई थीं। फिल्म में उन्होंने नैना नाम की लड़की का किरदार निभाया था, जो बाहर से एकदम परफेक्ट लगती है, लेकिन अंदर से वह बहुत अकेली और भावनात्मक रूप से टूटी हुई होती है। अभिनेत्री ने हाल ही एक इंटरव्यू में उन्होंने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने फिल्म को चुनने की विशेष वजह नैना का किरदार बताया। उन्होंने कहा, 'फिल्म में नैना का किरदार मेरे लिए सबसे बड़ा आकर्षण था। बाहर से वह परफेक्ट और खुशहाल दिखती थी, लेकिन अंदर ही अंदर वह बहुत अकेली और इमोशनली टूटी हुई थी। फिल्म में मेरे इस सफर को गहराई से दिखाया गया है। बाहर की परफेक्शन और अंदर की उथल-पुथल को दर्शाना एक्टर के तौर पर मेरे लिए चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दोनों था।' अभिनेत्री ने आगे फिल्म की कहानी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'बहुत समय बाद एक ऐसी लव स्टोरी दर्शकों के सामने आई है, जो आम नहीं है। यह दो लोगों की कमजोरियों की कहानी है, जो धीरे-धीरे अपनी कमियों को स्वीकार करते हैं और एक-दूसरे को अपनाकर आगे बढ़ते हैं। ' अभिनेत्री ने फिल्म को लेकर कहा कि ऐसी कहानियां कम देखने को मिलती हैं, जहां हीरो-हीरोइन अपनी कमजोरियों को जानते हुए भी एक-दूसरे को चुनते हैं। रिलीज के बाद संदीपा काफी संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, 'फिल्म रिलीज होने के बाद मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि यह वैसी ही बनी है, जैसा मैंने सोचा था। मेरा किरदार भी कुछ उसी तरह से देखा गया है। जब उम्मीदें पूरी होती हैं तो बहुत संतुष्टि मिलती है। मुझे पता था कि सेकंड हाफ में मृणाल के साथ मेरा टकराव वाला सीन अगर सही से किया जाए तो हाइलाइट बनेगा और ऐसा ही हुआ। कई लोगों ने उस सीन की खूब तारीफ की और अपने से रिलेट किया। ' फिल्म का निर्देशन रवि उद्यावर ने किया है, वहीं संजय लीला भंसाली के साथ प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार मिलकर इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं। अभिनेत्री ने सभी की तारीफ करते हुए कहा, 'संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन का हिस्सा बनना खास था, क्योंकि उनका विजुअल विजन बहुत मजबूत होता है।



### ईरान के हमलों के बीच दुबई में फंसी

# सोनल चौहान

### सुरक्षित भारत लौटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद मांगी

एक्ट्रेस सोनल चौहान इन दिनों दुबई में फंसी हुई हैं। हाल ही में ईरान ने दुनिया के 8 देशों में हमला किया है, जिसमें दुबई भी शामिल है। इस स्थिति में दुबई की सभी उड़ाने रद्द कर दी गई हैं, जिससे एक्ट्रेस भारत लौटने में असमर्थ हैं। अब एक्ट्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भारत वापस लौटने के लिए मदद की अपील की है। 'जन्नत' फेम सोनल चौहान ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए बताया है कि वो दुबई में असुरक्षित महसूस कर रही हैं और जल्द भारत लौटना चाहती हैं। सोनल ने लिखा है, 'माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, मैं वर्तमान में जारी संकट के बीच दुबई में फंसी हुई हूं। उड़ानें रद्द हो गई हैं और भारत लौटने का कोई स्पष्ट तरीका नहीं है। मैं सुरक्षित घर वापसी के लिए सरकार से मार्गदर्शन और सहयोग की उम्मीद करती हूं। किसी भी सहायता के लिए मैं दिल से आभारी रहूंगी। 'सोनल चौहान दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंसे कई यात्रियों में शामिल हैं। अचानक उड़ानें रद्द होने से यात्री असमंजस की स्थिति में हैं और आधिकारिक घोषणाओं का इंतजार कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में एयरपोर्ट टर्मिनल पर भारी भीड़ और चिंतित यात्रियों को देखा जा सकता है। यह संकट पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद शुरू हुआ है। इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों पर संयुक्त हमलों के बाद स्थिति और बिगड़ गई। इसके जवाब में कई देशों, जिनमें ईरान और इराक शामिल हैं, ने अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर व्यापक असर पड़ा है।

### फिल्म 'मालामाल वीकली' का बनेगा सीक्वल

# एक्टर परेश रावल ने कन्फर्म कर कहा- मैं प्रोजेक्ट का हिस्सा हूं



एक्टर परेश रावल ने कन्फर्म किया है कि फिल्म मालामाल वीकली 2 बन रही है। उन्होंने हाल ही में कहा कि वह इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। यह बात उन्होंने हिंदुस्तान टाइम्स से कही। हालांकि, फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट अभी नहीं हुई है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, 'मालामाल वीकली' के दूसरे पार्ट के लिए मेकर्स ने एक नया कॉन्सेप्ट तैयार किया है, जो पहली कहानी को सीधे आगे नहीं बढ़ाएगा, बल्कि फ्रेंचाइजी को नए अंदाज में पेश करेगा। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि इस बार अलग किरदार और नया परिवेश होगा, लेकिन कहानी ग्रामीणों के एक समूह के इर्द-गिर्द घूमेगी, जो बड़ी रकम पाने के लिए अजीबोगरीब कोशिशें करेंगे। परेश रावल ने फिल्म के लिए सहमति दे दी है, जबकि राजपाल यादव और रितेश देशमुख को भी संपर्क किया गया है। बता दें कि मालामाल वीकली साल 2006 में रिलीज हुई थी और इसे प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में परेश रावल के अलावा ओम पुरी, असरानी, राजपाल यादव और रितेश देशमुख भी थे। फिल्म को समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह सफल रही। 7 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 42.7 करोड़ रुपए की कमाई की। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म वेकिंग नेड (1998) पर आधारित थी। इसकी कहानी को दूसरी भाषाओं में भी बनाया गया है, जिसमें तेलुगु में भाग्यलक्ष्मी बंपर ड्रॉ (2006), कन्नड़ में डकोटा पिक्चर (2012), और मलयालम में आमायुम मुयालुम (2014) शामिल हैं।

# अरिजीत सिंह का नया गाना रैना रिलीज



गायक अरिजीत सिंह ने पार्श्व गायन से संन्यास लेने के बाद अपना पहला नया गाना रैना रिलीज किया है। चन्ना मेरेया, अगर तुम साथ हो, राबता, केसरिया जैसे गानों के लिए मशहूर सिंह ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की। गाने का संगीत शेखर रवजियानी ने तैयार किया है जबकि इसके बोल प्रिया सरैया ने लिखे हैं। अरिजीत ने कैप्शन में लिखा, रैना अब रिलीज हो चुका है और आपका है। इसे सुनें, गहराई से महसूस करें। गाने का आधिकारिक वीडियो गरुडा यूजिक यूट्यूब चैनल पर देखें। इसी के साथ उन्होंने संगीतकार शेखर रवजियानी, गीतकार प्रिया सरैया और अपनी पूरी टीम को इसके साथ टैग किया। इससे पहले इसी साल सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए पाश्चर्व गायन से संन्यास लेने की घोषणा की थी।



### धमाकों से हिल गया घर, छोटी बेटी सहम गई

# विष्णु मांचू ने साझा किया दुबई का डरावना वीडियो

विष्णु अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए दुबई गए हुए थे, लेकिन वहां जारी हवाई हमलों और विस्फोटों ने उन्हें और उनके परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। अपनी आने वाली फिल्म 'कन्नप्पा' को लेकर चर्चा में रहने वाले तेलुगु स्टार विष्णु मांचू ने दुबई के आसमान में उड़ती मिसाइलों का एक परेशान करने वाला वीडियो साझा किया।उन्होंने आगे कहा, 'शांति के लिए प्रार्थना कर रहा हूं। कहीं भी कोई भी बच्चा अपनी छत के ऊपर युद्ध की आवाज सुनते हुए बड़ा न हो।' विष्णु मांचू ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'आज रात दुबई में परिवार से मिलने गया। आसमान में मिसाइलें दिखाई दे रही हैं। तेज़ आवाज़ों ने हमारे घर को हिला दिया और छोटी आयरा डर गई।



# 6 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसीं संदीपा विर्क का छलका दर्द, बोलीं- मौत की दुआ मांगने लगी थी

बॉलीवुड एक्ट्रेस संदीपा विर्क करीब 4 महीने तक तिहाड़ जेल में बिता चुकी हैं। उन्हें प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। 6 करोड़ रुपयों के इस मामले में फंसी संदीपा को बीते दिनों जमानत मिली थी। अब उन्होंने हाल ही में जेल का एक्सपीरियंस शेयर किया है। साथ ही ये भी बताया कि कैसे वो रोज मौत की दुआ मांगा करती थीं। हाल ही में संदीपा विर्क ने सिमरन जोत मक्कर से बातचीत में जेल में बिताए अपने समय को याद किया। एक्ट्रेस ने कहा, 'तिहाड़ एक ऐसी जगह है जहां मैं अपने सबसे बड़े दुश्मन को भी नहीं भेजना चाहूंगी। जब मैं पहली बार वहां गई, तो मैंने भगवान से कहा कि मैं इसके लायक नहीं हूं। पहले दिन, जब मैं वॉशरूम गई, तो मैंने सोचा लोग कहते हैं कि सब कर्म का फल है, शायद मैंने पिछले जन्म में कुछ गलतियां की हों, जानबूझकर या अनजाने में। मुझे लगा मैं इसके लायक नहीं हूं.'संदीपा विर्क ने कहा सबसे बुरा एहसास तब होता है जब आपकी वजह से माता-पिता को आपसे मिलने जेल आना पड़े। मैंने उनसे माफी भी मांगी कि उन्हें मेरी वजह से वहां आना पड़ा। मेरे माता-पिता और भाई-बहन मेरे साथ खड़े रहे क्योंकि आपके अपने लोग जानते हैं कि आप कौन हैं।'

(साभार एजेंसी)

# फुटबॉल टूर्नामेंट खेलने जा रहे 19 खिलाड़ी हादसे का शिकार, 7 की हालत गंभीर

**हरियाणा (एजेंसी)।** हरियाणा के हिसार जिले के गांव चूली बागड़यान की फुटबॉल टीम शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गई। टूर्नामेंट खेलने जा रहे 19 खिलाड़ी घायल हो गए, जिनमें से 7 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### टायर फटने से पलटी गाड़ी

जानकारी के अनुसार, खिलाड़ी सिरसा जिले के रानियां क्षेत्र के गांव हरिपुरा में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए टाटा मैजिक वाहन में रवाना हुए थे। फतेहाबाद जिले के गांव खाबड़ा के पास अचानक वाहन का टायर फट गया। चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे गाड़ी पहले सड़क किनारे पेड़ से टकराई और फिर खेत में पलट गई। हादसे के वक्त वाहन में कुल 19 खिलाड़ी सवार थे। गाड़ी पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई।



### ग्रामीणों ने चलाया राहत अभियान

शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को वाहन से बाहर निकाला और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। सभी खिलाड़ियों को तुरंत भट्टू सीएचसी ले जाया गया।

### 7 खिलाड़ियों को अग्रोहा रेफर

प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बिल्लू, विजय, मुकेश, दिनेश, हिमांशु, क्षितिज और सुनील की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

अन्य 12 खिलाड़ियों – रोहताश, अमन, साबू, छोटू, आशीष, कुलदीप, अनुज, पंकज, भीम सिंह, राघव, विकास और ज्ञानेंद्र – को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सभी खिलाड़ियों की उम्र 15 से 35 वर्ष के बीच बताई गई है।

### गांव की मेहनती टीम, टूर्नामेंट से चूकी

गांव चूली बागड़यान में यह टीम नियमित अभ्यास करती है। गांव के युवाओं ने मिलकर टीम बनाई है और वरिष्ठ खिलाड़ी उन्हें प्रशिक्षण देते हैं। हादसे के कारण टीम टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकी।सूचना मिलते ही सरपंच प्रतिनिधि विनोद बैनीवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और खिलाड़ियों के परिजन अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।





# न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंचा, पाकिस्तान बाहर

## इंग्लैंड ने ग्रुप-2 के टॉप पर फिनिश किया

| टीम | मैच | जीत | हार | पॉइंट्स | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| सा. अफ्रीका (Q) | 2 | 2 | 0 | 4 | 2.89 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 1 | 1 | 2 | 1.791 |
| भारत | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.1 |
| जिम्बाब्वे (E) | 2 | 0 | 2 | 0 | -4.475 |

कोलंबो (एजेंसी)। टी-20 वर्ल्ड कप में शनिवार रात को पाकिस्तान ने श्रीलंका पर 5 रन की रोमांचक जीत दर्ज की। लेकिन, टीम इस जीत के बावजूद सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। बेहतर नेट रन रेट के आधार पर न्यूजीलैंड ने 3 अंक के साथ टॉप-4 में जगह बनाई। जबकि, पाकिस्तान ने सुपर-8 के ग्रुप-2 की पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर रही। अपने तीनों सुपर-8 मैच जीतने वाला इंग्लैंड इस ग्रुप के टॉप पर रहा है। रविवार को शाम 7 बजे से भारत-वेस्टइंडीज में आखिरी सुपर-8 मैच खेला जाना है। इससे चौथी टीम तय होगी।

### वर्ल्डकप का समीकरण

**ग्रुप-1- एसए टॉप-4 में** - साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 चरण में लगातार दो मैच जीतकर 4 अंकों के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दूसरी ओर, जिम्बाब्वे लगातार दो हार के बाद नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो चुका है। साउथ अफ्रीका की वेस्टइंडीज पर जीत के बाद भारत और वेस्टइंडीज दोनों के पास सुपर-8 में एक-एक जीत और एक-एक हार है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच 1 मार्च को शाम 7 बजे कोलकाता में होने वाला मुकाबला नॉकआउट की तरह होगा। जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी, जबकि हारने वाली टीम का सफर यहीं खत्म हो जाएगा।

**ग्रुप-2- इंग्लैंड पहले, न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर रहा** - ग्रुप-2 से इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। इंग्लैंड ने सुपर-8 चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन जीत दर्ज की और अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। अब उसका मुकाबला ग्रुप-1 में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा। न्यूजीलैंड 3 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। टीम ने सुपर-8 में एक मैच जीता, एक मैच बारिश के कारण रद्द हुआ और एक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड का नेट रनरेट 1.390 रहा। पाकिस्तान के भी तीन मैचों के बाद 3 अंक थे। टीम ने सुपर-8 के आखिरी मुकाबले में श्रीलंका को 5 रन से हराया, लेकिन उसका नेट रनरेट -0.123 रहा। इसी कारण बेहतर रनरेट के आधार पर न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना ग्रुप-1 की शीर्ष टीम साउथ अफ्रीका से 4 मार्च को कोलकाता में होगा।

# हीली आखिरी वनडे में शतक लगाने वाली दूसरी महिला क्रिकेटर

## भारत के खिलाफ 158 रन बनाए, ऑस्ट्रेलिया ने 410 रन का टारगेट दिया

होबार्ट (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने आज भारत के खिलाफ अपने करियर का आखिरी वनडे खेला। उन्होंने इस मुकाबले में 98 बॉल पर 158 रन बनाए। हीली दूसरी ही महिला क्रिकेटर हैं जिन्होंने आखिरी एक दिवसीय मुकाबले में शतक बनाया है। उनसे पहले ऐसा साउथ अफ्रीका का जोहमारी लॉटेगबर्ग ने 2007 में किया था। उन्होंने नीदरलैंड्स के सामने शतक लगाया था। होबार्ट में खेले जा रहे तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 409 रन बनाए। ऐसे में भारत के जीत के लिए 410 रन का टारगेट मिला है।



### मूनी ने नाबाद शतक लगाया

ऑस्ट्रेलिया के लिए हीली क अलावा बेथ मूनी ने 84 बॉल पर नाबाद 106 रन बनाए। जॉर्जिया वॉल ने 62, निकोला कैरी ने नाबाद 34 और ऐनाबेल सदरलैंड ने 23 रन बनाए। भारत के लिए श्री चरणी और स्नेह राणा ने 2-2 विकेट लिए। रेणुका सिंह, काशवी गौतम और दीप्ति शर्मा को 1-1 विकेट मिला।

### भारतीय टीम ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया

भारतीय विमेंस क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर हीली के गार्ड ऑफ ऑनर की फोटो पोस्ट की है। बीसीसीआई विमेंस ने लिखा, टीम इंडिया ने खेल शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली को उनके अंतिम वनडे मैच पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

### जनवरी में किया था संन्यास का ऐलान

हीली जनवरी में ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर चुकी है। उन्होंने कहा था कि वह भारत के खिलाफ सीरीज के बाद संन्यास ले लेंगी। उन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे मुकाबले में ओपनिंग की और वनडे में आठवीं बार शतक लगाया।

### तीसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी

हीली ने 98 गेंद में 27 चौके और दो छक्के की मदद से 158 रन बनाए। उन्होंने जॉर्जिया वॉल (62) के साथ दूसरे विकेट के लिए 104 और बेथ मूनी (106) के साथ तीसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी की। इससे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

# पीवी सिंधु ईरान के हमले के दौरान दुबई में फंसीं

## ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने बर्मिंघम जा रही थीं ; टूर्नामेंट 3 मार्च से शुरू होगा

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की ओलिंपिक मेडलिस्ट बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ईरान के ड्रोन अटैक के बीच दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंस गईं। वे ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने के लिए बर्मिंघम जा रही थीं। दुबई से सिंधु की कनेक्टिंग फ्लाइट थी।

30 साल की सिंधु ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वीडियो पोस्ट कर वहां के हालत बताए। उन्होंने दिखाया कि कैसे बड़ी संख्या में यात्री एयरपोर्ट पर





फंसे हुए हैं। उनमें डर का माहौल है। सिंधू ने अपनी पोस्ट में लिखा- 'अगली सूचना तक सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं

**3 मार्च से शुरू होना है ऑल इंग्लैंड ओपन** – ऑल इंग्लैंड ओपन 3 मार्च से शुरू होना है। ऐसे में अगर देरी ज्यादा होती है, तो सिंधु की तैयारी प्रभावित हो सकती है। जिससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। यह साफ नहीं है कि सिंधु कब दुबई से रवाना हो पाएंगी। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले बर्मिंघम पहुंच सकेंगी भी या नहीं?

### मिसाइल हमलों के बाद एयरस्पेस बंद

दुबई दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। ईरान पर हुए हालिया मिसाइल हमलों के बाद सुरक्षा कारणों से पूरे क्षेत्र का एयरस्पेस प्रभावित हुआ है। इसके चलते दुबई से निकलने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को या तो रद्द कर दिया गया है या उन्हें डाइवर्ट किया गया है। अभी यह साफ नहीं है कि उड़ानें दोबारा कब शुरू होंगी और सिंधु कब तक बर्मिंघम पहुंच पाएंगी?

# हॉकी इंडिया ने महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित की

**हैदराबाद (एजेंसी)।** अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से महिला विश्व कप क्वालीफायर से नाम वापस ले लिया है जबकि हॉकी इंडिया ने रविवार को मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 20 सदस्यीय टीम घोषित की। एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होना है।

मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के तीन क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। टीम को दो पूल में बांटा गया है जिसमें इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स को पूल बी में रखा गया है।

सूत्रों के मुताबिक सविता ने पारिवारिक कारणों से ब्रेक लिया है। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, %सविता टूर्नामेंट से पहले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं थीं क्योंकि उन्होंने पारिवारिक वजहों से नाम वापस ले लिया था। इसलिए उनके नाम पर विचार करने का कोई





कारण नहीं था।

अनुभवी सलीमा टीम की अगुआई करती रहेंगी। बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी साझा करेंगी। सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी रक्षा पंक्ति में शामिल हैं जबकि कैप्टन सलीमा, नेहा, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल और दीपिका सोरेंग मिडफील्ड की जिम्मेदारी संभालेंगी।

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू को जगह मिली है। मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, हम एक साथ अपने पहले टूर्नामेंट को लेकर उत्सुक हैं। हम फिटनेस और रणनीति पर काम कर रहे हैं जिससे कि टीम में हर कोई अपने काम और भूमिका को समझ सके। हम आगे के मुकाबलों के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए हैदराबाद में दो अभ्यास मैच खेलेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद नौ मार्च और 11 मार्च को क्रमश- स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ खेलेगी।

### टीम

**गोलकीपर**- बंसरी सोलंकी, बीचू देवी खारीबम
**डिफेंडर** - सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, इशिका चौधरी
**मिडफील्डर** - नेहा, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल, दीपिका सोरेंग
**फारवर्ड** - नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू

# टैलोन ग्रीक्सपूर के हटने से दानिल मेदवेदेव ने दुबई खिताब जीता

**दुबई (एजेंसी)।** दानिल मेदवेदेव ने शनिवार को दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में खिताब जीता, जब टैलोन ग्रीक्सपूर बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण फाइनल से पहले हट गए। ग्रीक्सपूर को शुक्रवार को आंद्रेई रुब्लेव पर अपनी सेमीफाइनल जीत के दौरान चोट लगी थी। डचमैन ने एक सर्व के बाद अजीब तरह से लैंड किया और, हालांकि उन्होंने सीधे सेटों में जीत हासिल की, वह चैंपियनशिप मैच के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाए, जिसके परिणामस्वरूप वॉकओवर हो गया। ट्रॉफी सेरेमनी के दौरान ग्रीक्सपूर ने कहा, %मैं बेहतर हो गया हूं, यह पक्का है। बदकिस्मती से सेमीफाइनल के दौरान मुझे चोट लग गई। मैं आज सुबह हॉस्पिटल गया और कुछ स्कैन हुए, जिसमें कुछ सीरियस दिखा। इसकी वजह से मैं आज रात कोर्ट पर नहीं आ पाया और आने वाले हफ्तों में भी कोर्ट पर नहीं आ पाऊंगा।यह टाइटल मेदवेदेव का 23वां टूर-लेवल क्राउन है और जनवरी में ब्रिस्बेन में जीतने के बाद 2026 सीजन का दूसरा क्राउन है। यह पहली बार भी है जब 30 साल के इस खिलाड़ी ने एक ही इवेंट दो बार जीता है, इससे पहले उन्होंने 2023 में दुबई में जीत हासिल की थी। एटीपी लाइव रैंकिंग में नंबर 11 पर मेदवेदेव नंबर 10 अलेक्जेंडर बुब्लिक से सिर्फ 45 पॉइंट पीछे हैं, जबकि वह पिछले साल जून के बाद पहली बार टॉप 10 में वापसी करने की कोशिश कर रहे हैं। पहली बार एक ही इवेंट दो बार जीतने के बारे में पूछे जाने पर मेदवेदेव ने कहा, यही इसकी क्रेजी बात है। मैंने दुनिया के किसी भी शहर में ऐसा कभी नहीं किया, और पहली बार जब मैंने ऐसा किया, तो यह वॉकओवर के जरिए हुआ... हम हफ्ते की शुरुआत से पहले ही जानते थे, जिस तरह से मैं प्रैक्टिस कर रहा था, मैं एक भी बॉल मिस नहीं कर सकता था। हम जानते थे कि यह एक शानदार हफ़्ता होने वाला है। यह एक शानदार हफ़्ता था और मैं आने वाले अगले टूर्नामेंट्स का इंतज़ार कर रहा हूं। हार्ड कोर्ट पर अपनी 21वीं टूर-लेवल ट्रॉफी के साथ मेदवेदेव ने एक्टिव खिलाड़ियों में नोवाक जोकोविच (72) के बाद, इस सरफेस पर दूसरे सबसे ज़्यादा जीत के मामले में वर्ल्ड नंबर 2 जैनिक सिनर की बराबरी कर ली। ग्रीक्सपूर दुबई में अपने करियर का चौथा और सबसे बड़ा एटीपी टूर टाइटल जीतने की कोशिश कर रहे थे, जहां उन्होंने इस हफ्ते टॉप 20 प्लेयर्स बुब्लिक, जैकब मेंसिक और रुब्लेव पर जीत दर्ज की।

# चौथी शादी करने जा रहे पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब मलिक

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब मलिक एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर चर्चा तेज है कि वह चौथी शादी करने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी होने वाली दुल्हन पाकिस्तानी टेलीविजन एक्ट्रेस वनीज़ा सत्तार हो सकती हैं। यहां तक कि कुछ मीडिया दावों में 27 फरवरी 2026 को निकाह की संभावित तारीख भी बताई जा रही है। हालांकि, अब तक न तो मलिक और न ही वनीज़ा ने इन खबरों की आधिकारिक पुष्टि की है। इन खबरों के सामने आते ही इंटरनेट पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स लगातार इस खबर पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हालांकि यह स्पष्ट करना जरूरी है कि फिलहाल यह केवल मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया अटकलों पर आधारित जानकारी है।

# सिर्फ बाबर आजम को जिम्मेदार ठहराना गलत : पुजारा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान के सुपर-8 से बाहर होने के बाद पूर्व कप्तान बाबर आज़म आलोचनाओं के केंद्र में हैं। हालांकि, पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ बाबर को बाहर बैठाकर 212/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया, लेकिन चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि पूरी नाकामी का ठीकरा सिर्फ बाबर पर फोड़ना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि टीम मैनेजमेंट को बाबर के साथ साफ और ईमानदार बातचीत करनी चाहिए। पुजारा ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि अगर बाबर टीम की भविष्य की



योजनाओं में नहीं हैं, तो उन्हें यह स्पष्ट रूप से बता देना चाहिए। उनके अनुसार, सिर्फ एक खिलाड़ी को जिम्मेदार ठहराना गलत है, असफलता पूरी टीम की रही है।

पुजारा ने पाकिस्तान की सबसे बड़ी कमजोरी मिडिल ऑर्डर को बताया। बाबर को इस टूर्नामेंट में मध्यक्रम की भूमिका दी गई, लेकिन वह उसमें प्रभाव छोड़ने में असफल रहे। टीम का मध्यक्रम लगातार दबाव में दिखा, जिससे पाकिस्तान को अहम मैचों में नुकसान उठाना पड़ा। बाबर ने इस टूर्नामेंट में 6 मैच खेले और 4 पारियों में 91 रन बनाए। उनका औसत 22.75 और स्ट्राइक रेट 112.34 रहा। उनकी सबसे बड़ी पारी 46 रन की रही, जो उन्होंने अमेरिका के खिलाफ खेली थी, जबकि भारत के खिलाफ वह सिंगल डिजिट में आउट हो गए थे।

पुजारा ने फखर ज़मान की जमकर सराहना की, जिन्होंने 42 गेंदों पर 84 रन की तूफानी पारी खेली और साहिबज़ादा फरहान के साथ 176 रन की ओपनिंग साझेदारी की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की असली ताकत निडर और आक्रामक क्रिकेट में है, और यही अंदाज उन्हें आगे भी अपनाना होगा। पाकिस्तान के लगातार आईसीसी टूर्नामेंट्स में खराब प्रदर्शन के बाद कई खिलाड़ियों पर गाज गिर सकती है। खबरें हैं कि कप्तान सलमान आगा समेत कई बड़े नामों की टीम में जगह खतरे में है।

# अमेरिका और इजराइल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत

» दुबई, भाषा।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की इजराइल और अमेरिका द्वारा किए गए एक बड़े हमले में मौत हो गई है। ईरान की सरकारी मीडिया ने रविवार तड़के इसकी पुष्टि की। इस घटना ने ईरान के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है और क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ा दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ घंटे पहले खामेनेई की मौत की घोषणा करते हुए कहा कि इससे ईरानियों को अपने देश की बागडोर अपने हाथों में वापस लेने का सबसे बड़ा मौका मिला है। सरकारी मीडिया ने बताया कि 86 वर्षीय खामेनेई की तेहरान के मध्य क्षेत्र में उनके परिसर को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले में मौत हुई। यूरोपीय एयरोस्पेस कंपनी एयरबस द्वारा ली गई सैटेलाइट तस्वीरों में वह स्थान भारी बमबारी से क्षतिग्रस्त दिखाई दिया, जहां खामेनेई की मौत हुई है।

सरकारी मीडिया में आ रही खबरों के अनुसार, अमेरिकी-इजराइली हमलों में ईरान के अर्द्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख और एक शीर्ष सुरक्षा सलाहकार की भी मौत हो गई है। सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने मेजर जनरल मोहम्मद पकपोर की मौत की घोषणा की, जिन्होंने पिछले साल जून में 12 दिन के युद्ध के दौरान इजराइल द्वारा गार्ड के पूर्व कमांडर की हत्या के बाद इस बल के शीर्ष कमांडर का पद संभाला था। आईआरएनए के अनुसार, अली शमखानी भी हमले में मारे गए। वह लंबे समय से ईरान के सुरक्षा तंत्र में एक प्रमुख और प्रभावशाली व्यक्ति रहे थे। सरकारी टीवी ने बताया कि खामेनेई के कार्यालय में हुई उनकी मौत यह दिखाती है कि वह लगातार जनता के बीच खड़े रहे और अपनी जिम्मेदारियां निभाने में आगे रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, इतिहास के सबसे दुष्ट लोगों में से एक खामेनेई मारा जा चुका है। उन्होंने चेतावनी दी कि भारी और सटीक बमबारी जारी रहेगी, जो पूरे सप्ताह तथा उससे आगे तक चल सकती है। अमेरिका ने इस घातक हमले को यह कहते हुए उचित ठहराया कि यह ईरान की परमाणु क्षमताओं को निष्क्रिय करने के लिए आवश्यक है।



## ईरानी संसद के अध्यक्ष ने अमेरिका और इजराइल के नेताओं को घृणित अपराधी कहा

ईरान की संसद के अध्यक्ष ने रविवार को अमेरिका और इजराइल के नेताओं को घृणित अपराधी करार दिया और कहा कि ईरान पर हमले के जिम्मेदार लोगों को उचित जवाब दिया जाएगा। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने एक टेलीविजन संबोधन में यह टिप्पणी की। शनिवार को शुरू हुए हमलों के बाद से कलीबाफ कैमरे पर आने वाले सबसे उच्च पदस्थ अधिकारी हैं। उन्होंने कहा, आप सीमाएं लांघ गए हैं और आपको इसकी कीमत चुकानी होगी। हम आपको ऐसा करारा जवाब देंगे कि आप खुद रहम की भीख मांगने पर मजबूर हो जाएंगे।

## ईरान हमले तेज न करे वरना हम करारा जवाब देंगे: ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को हमले तेज न करने की चेतावनी देते हुए रविवार को ऑनलाइन माध्यम से कहा कि अमेरिका ऐसी ताकत के साथ जवाब देगा जो पहले कभी नहीं देखा गया होगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल के जरिए रविवार को ए टिप्पणियां ऐसे समय में की जब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की जिम्मेदारी स्वीकार करने के बाद उन्हें धमकियां मिली हैं। ट्रंप ने लिखा, ईरान ने अभी-अभी कहा है कि वे आज बहुत ज़ोरदार हमला करेंगे, जितना उन्होंने पहले कभी नहीं किया। उन्होंने पोस्ट किया, लेकिन उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि अगर उन्होंने ऐसा किया, तो हम उन पर ऐसी ताकत से हमला करेंगे जो पहले कभी नहीं देखा गया होगा।

## नए सर्वोच्च नेता का चुनाव एक या दो दिन में हो जाएगा : ईरान के विदेश मंत्री

ईरान के विदेश मंत्री का कहना है कि एक या दो दिन में नए सर्वोच्च नेता का चुनाव हो जाएगा। अल जज़ीरा नेटवर्क से बात करते हुए विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को यह जानकारी दी। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरिका व इजरायल के संयुक्त हमलों में एक दिन पहले मौत हो गई थी।

## हवाई हमले में ईरान के सैन्य प्रमुख और रक्षा मंत्री मारे गए: सरकारी टीवी

ईरान के सरकारी टेलीविजन ने रविवार को बताया कि देश की रक्षा परिषद की बैठक को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले में ईरान के सैन्य प्रमुख और रक्षा मंत्री मारे गए। हमले के दौरान बैठक में शामिल जनरल अब्दोल रहीम मूसावी और रक्षा मंत्री जनरल अजीज नासिरजादेह की मौत हो गई। इससे पहले ईरान ने रविवार सुबह अर्द्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख और सुरक्षा सलाहकार अली शमखानी की मौत की घोषणा की थी।

## ईरान अभियान में तीन सैनिक मारे गए, पांच घायल हुए : अमेरिकी सेना

अमेरिकी सेना ने कहा है कि ईरान के अभियान में तीन सैनिक मारे गए हैं और पांच गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। अमेरिकी सेना की केंद्रीय कमान ने रविवार को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की, लेकिन अतिरिक्त जानकारी नहीं दी।

इस्लामी गणराज्य के भविष्य पर सवालिया निशान

# ईरान ने इजराइल और खाड़ी देशों पर मिसाइलें दागीं

» दुबई, भाषा।

ईरान ने रविवार को इजराइल और खाड़ी अरब देशों को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं। इजराइल और अमेरिका के हमले में अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु के बाद उसने दोनों देशों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई का संकल्प जताया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान हमले तेज नहीं करे, वरना अमेरिका ऐसी ताकत के साथ जवाब देगा जो पहले कभी नहीं देखा गया होगा। ईरान ने शनिवार को तेहरान स्थित खामेनेई के कार्यालय पर हुए इजराइल-अमेरिका के हवाई हमले में 86 वर्षीय खामेनेई की मौत हो गई। इस घटना के बाद इस्लामी गणराज्य के भविष्य पर सवालिया निशान लग गया है और क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। ट्रंप ने कहा, ईरान के लोगों के लिए अपने देश को अपने हाथ में लेने का यह सबसे बड़ा मौका है। ईरान के मंत्रिमंडल ने संकल्प जताया है कि इस अपराध का जवाब जरूर दिया जाएगा और अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने इजराइली एवं अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए अब तक का अपना सबसे तीव्र आक्रामक अभियान शुरू करने की धमकी दी। उन्होंने कहा, आपने सीमाएं लांघ दी हैं और आपको इसकी कीमत चुकानी होगी।

हम आपको ऐसा करारा जवाब देंगे कि आप खुद रहम की भीख मांगने पर मजबूर हो जाएंगे। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल के जरिए रविवार को यह टिप्पणी ऐसे समय की जब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु की जिम्मेदारी स्वीकार करने के बाद उन्हें धमकियां मिली हैं। उन्होंने लिखा, ईरान ने अभी-अभी कहा है कि वह आज बहुत जोरदार हमला करेंगे, जितना उसने पहले कभी नहीं किया। इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान की रक्षा परिषद की बैठक को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले में ईरान के सैन्य प्रमुख और रक्षा मंत्री मारे गए। हमले के दौरान बैठक में शामिल जनरल अब्दोल रहीम मूसावी और रक्षा मंत्री जनरल अजीज नासिरजादेह की मौत हो गई। इससे पहले ईरान ने रविवार सुबह रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख और सुरक्षा सलाहकार अली शमखानी की मौत की घोषणा की थी। हाल के हफ्तों में ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी युद्धपोतों और विमानों का सबसे बड़ा बेड़ा तैनात किया है। ईरान ने कहा था कि उसे युद्ध टलने की उम्मीद है लेकिन उसने यूरेनियम संवर्धन के अपने अधिकार को बरकरार रखा। इसने कहा कि उसने जून के बाद से परमाणु संवर्धन नहीं किया है, लेकिन उसने अंतरराष्ट्रीय निरीक्षकों को उन स्थलों का दौरा करने से रोक दिया जिन पर अमेरिका ने बमबारी की थी। इजराइल ने कहा कि इस अभियान की योजना अमेरिका के साथ मिलकर महीनों पहले बनाई गई थी। इजराइली सेना के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जमीर ने एक बयान में कहा कि वायुसेना के पायलटों ने पूरे ईरान में सैकड़ों ठिकानों पर हमला किया। अभियान की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया कि इजराइल के अभियान में ईरान की सेना, सरकारी प्रतिष्ठान और खुफिया ठिकाने शामिल थे। दक्षिणी ईरान में स्थानीय गवर्नर ने ईरानी सरकारी टीवी को बताया कि लड़कियों के एक स्कूल पर हमले में कम से कम 115 लोग मारे गए और कई लोग घायल हुए। अमेरिकी सेंट्रल कमान के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स ने कहा कि उन्हें लड़कियों के स्कूल पर हमले की खबरों की जानकारी है और अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं।



## हॉर्मुज जलडमरूमध्य में तेल टैंकर पर हमला, चार नाविक घायल

**दुबई।** ओमान ने रविवार को कहा कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य में एक तेल टैंकर पर हमला हुआ, जिससे जहाज पर सवार चार नाविक घायल हो गए। इस संबंध में ओमान की सरकारी समाचार एजेंसी ने कहा कि हमला पलाऊ के ध्वज वाले स्कायलाइट नामक जहाज पर हुआ। इसने बताया कि जहाज के चालक दल में भारतीय और ईरानी नागरिक शामिल हैं।अधिकारियों ने कहा कि यह साफ नहीं हो पाया है कि जहाज पर किसने हमला किया। हालांकि, यह घटना ऐसे समय हुई है जब अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले शुरू किए जाने के बाद से ईरान रेडियो संदेशों के जरिए जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को धमकियां दे रहा है।

## तेहरान में हुआ बड़ा धमाका, इजराइली सेना ने शहर के केंद्र को निशाना बनाने की बात कही

**दुबई।** ईरान की राजधानी तेहरान में रविवार को एक बड़ा धमाका हुआ। वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि वह शहर के केंद्र को निशाना बना रही है। इस विस्फोट से आसमान में धुएं का विशाल गुबार उठते हुए देखा गया। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि किस संस्थान को निशाना बनाया गया था। ऐसा प्रतीत होता है कि विस्फोट उस इलाके में हुआ, जहां देश का पुलिस मुख्यालय और ईरानी सरकारी टेलीविजन स्थित है। इजराइली सेना ने बताया कि वह मध्य तेहरान में ठिकानों को निशाना बनाकर हमला कर रही है। सेना ने कहा कि युद्ध के पहले दिन तेहरान तक जाने का रास्ता साफ किया और दूसरे दिन वह मध्य तेहरान पर हमला कर रही है।

न्यूज ब्रीफ

## ईरान पर अमेरिका के हमले के बाद यूएई में एक व्यक्ति की मौत

» दुबई, भाषा।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने इजराइल और अमेरिका के हमले के जवाब में शनिवार को दागे गए कई ईरानी मिसाइलों को रोका। हालांकि इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। संयुक्त अरब अमीरात में हवाई अड्डे और कई अन्य स्थलों को निशाना बनाकर किए गए ईरान के हमलों ने शनिवार रात को लोगों को जगाए रखा। जायद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। दुबई का हवाई अड्डा और प्रतिष्ठित बुर्ज अल अरब उन स्थानों में शामिल थे जो ईरान के हमलों की चपेट में आए। दुबई सरकार के मीडिया कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि एक ड्रोन के छर्रों से बुर्ज अल अरब होटल में आग लग गई , हालांकि उसे काबू में कर लिया गया। दुबई के अधिकारियों ने यह भी खुलासा किया कि मिसाइलों को हवा में रोकने के अभियानों के परिणामस्वरूप उत्पन्न मलबे के कारण जेबेल अली बंदरगाह के एक बर्थ पर आग लग गई, हालांकि इसमें कोई घायल नहीं हुआ।

सरकारी मीडिया कार्यालय ने बताया, दुबई नागरिक सुरक्षा दल ने आग पर काबू पाने के लिए तुरंत कार्रवाई की और आग को नियंत्रित करने के उनके प्रयास जारी हैं। देश भर में संभावित मिसाइल हमलों को लेकर गुप्त अलर्ट जारी किए गए, हवाई अड्डे पर ऐसे ही एक हमले की घटना की सूचना मिली है। बयान में कहा गया है, दुबई हवाई अड्डे ने कुछ देर पहले दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (डीएक्सबी) पर हुई एक घटना की पुष्टि की है। आपातकालीन प्रतिक्रिया दल तुरंत सक्रिय कर दिए गए हैं और संबंधित अधिकारियों के समन्वय से घटना पर नजर रखी जा रही है। बयान में यह भी कहा गया है कि हमले में चार लोग घायल हुए हैं और उन्हें आवश्यक तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। जेबेल अली बंदरगाह पर भी इसी तरह का हमला हुआ। हालांकि, इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं है। संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की कि ईरानी हमले की शुरुआत से ही संयुक्त अरब अमीरात की वायु सेना और वायु रक्षा बलों ने देश की सीमा की ओर दागी गई 137 बैलिस्टिक मिसाइलों और 209 ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराया। यह वायु रक्षा प्रणालियों की उच्च तत्परता और विभिन्न खतरों से निपटने की उनकी क्षमता को दर्शाता है।

## केवल अमीरों का विशेषाधिकार न हो, यह स्वास्थ्य जरूरत है: संरा पदाधिकारी

» नई दिल्ली, भाषा।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के जलवायु परिवर्तन प्रभाग के निदेशक मार्टिन क्राउज के मुताबिक शीतलन तक पहुंच अमीरों का विशेषाधिकार नहीं है, और न ही होना चाहिए, क्योंकि यह स्वास्थ्य और गरिमा का मामला है। क्राउज की यह टिप्पणी भारत में सामान्य से अधिक गर्मी और लू की आशंका के बीच, बुजुर्गों, बच्चों और खुले में काम करने वाले कामगारों जैसी कमजोर आबादी के लिए बढ़े खतरे के बीच आई है, जिसका सार्वजनिक स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, बिजली की मांग और आवश्यक सेवाओं पर संभावित प्रभाव पड़ सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मासिक पूर्वानुमान के मुताबिक मार्च से मई के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक दिन लू चलने की संभावना है। क्राउज ने बताया, जनसंख्या के कमजोर वर्ग भीषण गर्मी की समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

शीतल करने वाले उपकरणों की सुविधा अमीरों का विशेषाधिकार नहीं है, और न ही होनी चाहिए, क्योंकि यह अंततः स्वास्थ्य और गरिमा से संबंधित है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक गर्मी की स्थिति में खुले में काम करने वाले श्रमिकों की उत्पादकता कम हो जाती है, और निर्माण श्रमिकों और रेहड़ी-पटरी वालों सहित अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले लोग सबसे अधिक जोखिम में होते हैं और अक्सर उनके पास औपचारिक सामाजिक सुरक्षा या बीमे की कमी होती है। यूएनईपी के अधिकारी ने कहा, कमजोर लोगों की सुरक्षा के लिए व्यावहारिक और सिद्ध समाधान की आवश्यकता है जिन्हें लागू किया जा सके। उन्होंने ताप कार्रवाई योजनाओं, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों, अनधिकृत बस्तियों में ठंडी छतों, मूलभूत श्रमिक सुरक्षा और पैरामीट्रिक बीमा जैसे उपायों का जिक्र करते हुए यह बात कही।

## दुबई हवाई अड्डे के पास धमाके के बाद सिंधू और कोच इरवांस्याह सुरक्षित

» दुबई, भाषा।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को दुबई हवाई अड्डे पर स्थिति को तनावपूर्ण और डरावना बताया क्योंकि जहां खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच वह और उनके इंडोनेशियाई कोच रुके हुए थे और उसके पास एक धमाका हुआ। ईरान के मिसाइल हमलों के बाद खाड़ी देशों के कुछ हिस्सों में धमाकों की खबरें आई हैं जिसमें संयुक्त अरब अमीरात भी शामिल है। इसके बाद कई विमान कंपनियों को या दो अपनी उड़ानें रद्द करनी पड़ी या मार्ग बदलना पड़ा।



सिंधू को तीन मार्च से शुरू होने वाली ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में हिस्सा लेना है और वह शनिवार से अपने इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा के साथ दुबई में फंसी हुई हैं । क्योंकि क्षेत्र में मिसाइल हमलों के बीच वायुक्षेत्र को बंद किया गया है। सिंधू ने पीटीआई वीडियो को बताया, जैसे ही हमारा विमान दुबई में उतरा तो हमारे नियंत्रण से बाहर की चीजें होने लगीं। थोड़ी देर बाद वायु क्षेत्र बंद कर दिया गया और पिछले कुछ घंटे बहुत तनाव वाले रहे। हम ऊपर से इंटरसेप्शन की आवाजें सुन सकते थे। उन्होंने कहा, कुछ घंटों बाद दुबई हवाई अड्डे पर हम जहां छिपे हुए थे उसके बहुत पास एक धमाका हुआ। जब यह हुआ तो मेरे कोच मुश्किल से 100 मीटर दूर थे और जल्दी से उस जगह से बाहर निकलना पड़ा। इतने पास से ऐसा कुछ महसूस करना सच में दिल दहला देता है। सिंधू के इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा ने भी पीटीआई को घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि वह बाल-बाल बचे। इरवांस्याह ने कहा, हवाई अड्डे पर धमाका हुआ था इसलिए हम इस समय यहीं फंसे हुए हैं। उन्होंने हमें होटल में रखा है। हम ठीक हैं लेकिन फिर भी थोड़ी चिंता है। हम ऑल इंग्लैंड के लिए जाना चाहते हैं। मुझे उम्मीद है कि हम आज उड़ान ले पाएंगे क्योंकि सिंधू का मैच बुधवार को है। सिंधू ने इस मुश्किल समय में मदद के लिए दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत का भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, हम सब अब सुरक्षित हैं और दुबई हवाई अड्डे के स्टाफ और दुबई अधिकारियों की लगातार कोशिशों की वजह से हमें अधिक सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। एयर इंडिया ने खाड़ी देशों के बड़े स्थलों के लिए अपनी सभी सेवा रद्द करने का ऐलान किया है जबकि दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने वायु क्षेत्र पाबंदियों की वजह से संचालन अनिश्चित समय के लिए रोक दिया है। इस बीच विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने कहा कि वह बैडमिंटन इंग्लैंड के साथ पश्चिम एशिया में चल रही भूराजनैतिक स्थिति से पैदा होने वाली यात्रा चुनौतियों पर करीब से नजर रख रहा है।

## ईरान पर हमले की कार्रवाई मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन है: पुतिन



**मॉस्को, भाषा।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका और इजराइल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद ईरानी राष्ट्रपति को भेजे संदेश में कहा कि यह कृत्य मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों का घोर उल्लंघन है। रूस सरकार के मुख्यालय क्रेमलिन ने रविवार को यह जानकारी दी। ईरान पर इजराइल और अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार को किए गए हवाई हमले में खामेनेई की मौत हो गई। पुतिन ने अपने शोक संदेश में कहा, ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई और उनके परिवार के सदस्यों के हमले में मारे जाने के संबंध में मेरी गहरी संवेदनाएं स्वीकार करें। पुतिन का ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान को भेजा गया शोक संदेश क्रेमलिन पोर्टल पर प्रकाशित हुआ। इससे पहले शनिवार को, रूस ने ईरान पर अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमलों की निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए एक संप्रभु राष्ट्र के खिलाफ बिना उकसावे के की कार्रवाई करार दिया था।

# संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले की निंदा की

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हवाई हमलों की शनिवार को निंदा की और क्षेत्र और पूरी दुनिया को संकट से निकालने के लिए तत्काल फिर से बातचीत शुरू करने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने आपातकालीन बैठक में कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, वरना व्यापक संघर्ष होने की आशंका है जिसके नागरिकों और क्षेत्रीय स्थिरता के लिहाज से गंभीर परिणाम हो सकते हैं।



गुतारेस ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के हवाई हमलों ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर सहित अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया है। उन्होंने बहरीन, इराक, जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करने के लिए ईरान के जवाबी हमलों की भी निंदा की। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई वैध थी। उन्होंने सुरक्षा परिषद को बताया, ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। यह सिद्धांत राजनीति का विषय नहीं है। यह वैश्विक सुरक्षा का विषय है और इसी उद्देश्य से अमेरिका कानूनी कार्रवाई कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत डैनी डैनन ने इन हवाई हमलों का बचाव करते हुए कहा कि अस्तित्व पर आए संकट को रोकने के लिए ये हमले आवश्यक थे। उन्होंने कहा, हम चरमपंथ को बेकाबू होने से पहले ही रोक रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि परमाणु हथियारों और बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस कोई भी कट्टरपंथी शासन हमारे लोगों या पूरी दुनिया को धमकी न दे सके। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावानी ने परिषद को बताया कि हवाई हमलों में सैकड़ों ईरानी नागरिक मारे गए और घायल हुए हैं और इसे उन्होंने युद्ध अपराध एवं मानवता के खिलाफ अपराध बताया। रूस के राजदूत ने अमेरिका-इजराइल के हवाई हमलों की निंदा की, जबकि चीन के राजदूत ने अपनी आलोचना में अधिक संयम बरता।

## पाकिस्तान में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर पुलिस, प्रदर्शनकारियों में झड़प, छह लोगों की मौत



**कराची, भाषा।** ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले में देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद रविवार को पाकिस्तान के कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़पों में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक वाणिज्य दूतावास के आसपास बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जमा हो गए थे जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और चेतावनी के तौर पर हवा में गोली चलाई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार ईधी इन्फॉर्मेशन ने पुष्टि की कि माई कोलाची रोड के पास गोलीबारी और झड़प के दौरान छह लोगों की मौत हुई तथा कई अन्य घायल हुए जिन्हें सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में ले जाया गया। सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजार ने कराची के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक से तत्काल विवरण मांगा और कहा, किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा बढ़ाने और विरोध प्रदर्शन के दौरान यातायात सुचारू रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग तय करने को भी कहा। मंत्री ने कहा, कानून प्रवर्तन एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं और स्थिति पर कड़ी नजर रख रही हैं। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावानी ने परिषद को बताया कि हवाई हमलों में सैकड़ों ईरानी नागरिक मारे गए

# अमेरिका, इजराइल के हमलों में खामेनेई की मौत के बाद विश्व नेताओं का बातचीत फिर शुरू करने का आह्वान

» ब्रसेल्स, भाषा।

अमेरिका और इजराइल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत की खबर के बीच कई देशों और अंतरराष्ट्रीय नेताओं ने शांति बनाए रखने तथा वार्ता के लिए जोरदार अपील की है। इस हमले के बाद क्षेत्र में हिंसा फैलने की आशंका और तनाव काफी बढ़ गया है। रविवार सुबह ईरान की राजधानी में एक भीषण विस्फोट हुआ। इजराइली सेना ने एक दिन पहले तेहरान तक रास्ता साफ करने का दावा करने के बाद कहा कि वह शहर के केंद्र को निशाना बना रही है। इसी बीच, ईरान ने अपनी जवाबी कार्वाई जारी रखी तो वहीं कतर, कुवैत और बहरीन ने मिसाइलों की बौछार को रोकने का दावा किया।

हाल ही में हुई परमाणु वार्ता में तेहरान और वाशिंगटन के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले ओमान ने कहा कि रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य में एक तेल टैंकर पर हमला हुआ और उसके दुक्म बंदरगाह को ड्रोन हमले में निशाना बनाया गया। इस बंदरगाह का उपयोग अमेरिकी नौसेना रसद केंद्र के रूप में करती है और यहां विमानवाहक पोत ठहर सकते हैं। खामेनेई का निधन, जिनका कोई नामित उत्तराधिकारी नहीं था, संभवतः ईरान के भविष्य को अनिश्चितता में डाल देगा तथा व्यापक संघर्ष की पहले से ही बढ़ती चिंताओं को और बढ़ा देगा। यूरोपीय संघ के 27 देशों के शीर्ष राजनयिक रविवार को ईरान से संबंधित स्थिति और संघ के लिए आगे के कदमों पर चर्चा करने के वास्ते एक आपातकालीन बैठक कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक शनिवार देर रात हुई।



संभवतः ट्रंप के साथ पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और खराब करने से बचने के लिए सतर्क रहते हुए, पश्चिम एशिया के कई देशों सहित कई देशों ने संयुक्त हमलों पर प्रत्यक्ष या स्पष्ट टिप्पणी करने से परहेज किया, लेकिन तेहरान की जवाबी कार्रवाई की निंदा की। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने अमेरिकी हमलों के लिए खुला समर्थन व्यक्त किया, जबकि रूस और चीन ने सीधे तौर पर आलोचना करते हुए जवाब दिया। शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख और कई देशों ने हमलों को रोकने तथा संघर्ष को क्षेत्र और उससे आगे फैलने से रोकने के लिए बातचीत की राह पर लौटने का आग्रह किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने परिषद से कहा कि तनाव बढ़ने से रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, इसका विकल्प एक व्यापक संघर्ष की आशंका है जिसके नागरिकों और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं। गुतारेस ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के हवाई हमलों ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर सहित अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया है। उन्होंने बहरीन, इराक, जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करने के लिए ईरान के जवाबी हमलों की भी निंदा की। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका व इजराइली राजदूतों की ईरानी राजदूत से जबरदस्त बहस हुई।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com